संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-158 बुधवार, 10 अप्रैल 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

### अब्बास अंसारी को फातिहा रस्म में शामिल होने के लिए मिली इजाजत



**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कासगंज जेल में बंद अब्बास अंसारी को अपने पिता दिवंगत मुख्तार अंसारी की फातिहा रस्म में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस पर्याप्त सुरक्षा के तहत अब्बास अंसारी को कासगंज जेल से उनके पैतृक स्थान गाज़ीपुर लाएगी। गौरतलब है कि न्यायिक हिरासत में होने के कारण अब्बास अंसारी अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके थे। पीठ में न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन भी शामिल थे। अंतरिम जमानत पर अब्बास अंसारी प्रेस या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से बातचीत नहीं करेंगे।

# महाराष्ट्र में एमव्हीए के बीच सीट शेयरिंग फाइनल

## 21 सीटों पर शिवसेना उद्धव गुट चुनाव लड़ेगा,कांग्रेस को 17,एनसीपी शरद गुट को 10 सीटें मिलीं

**मुंबई,09 अप्रैल 2024 (ए)।** महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। महाराष्ट्र की 48 में से 21 सीटों पर शिवसेना (उद्धव गुट), 17 सीटों पर कांग्रेस और 10 सीटों पर एनसीपी शरद गुट अपने उम्मीदवार उतारेगी।

मुंबई में मंगलवार (9 अप्रैल) को तीनों दलों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का ऐलान किया गया है। नेताओं के बीच मुंबई साउथ सेंट्रल, भिवंडी, सांगली और सातारा सीट को लेकर भी सहमति बन गई है। इन सीटों पर तीनों के बीच विवाद की स्थिति बन गई थी।




### शिवसेना की दो लिस्ट जारी, 21 नाम फाइनल किए

एमव्हीए में सीट शेयरिंग बड़ा मुद्दा रहा है। कई बैठक होने के बाद भी पार्टियां यह तय नहीं कर पाईं कि किसके पास कितनी सीट जाएगीं। इसी बीच 27 मार्च को शिवसेना ने 17 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें मुंबई उत्तर पश्चिम से अमोल कीर्तिकर को टिकट दिया गया। अमोल को संजय राउत का करीबी बताया जाता है। इसके बाद 3 अप्रैल को 4 और प्रत्याशियों के नाम तय किए थे।

अमोल के टिकट का कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाले संजय निरुपम ने विरोध किया था। उन्होंने शिवसेना और कांग्रेस नेताओं को भी नसीहत दी थी। इस सीट से संजय चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। ऐसे में कांग्रेस की सीट पर शिवसेना उम्मीदवार के ऐलान पर विरोध हुआ।

संजय के विरोध पर कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से 6 साल के निष्कासित कर दिया। अब संजय कांग्रेस नेताओं पर घोटाले के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि संजय राउत ने 6.37 करोड़ का खिचड़ी घोटाला किया है। 1 करोड़ की रिश्वत खाई है।

### कांग्रेस ने अब तक 16 कैंडिडेटों का नाम तय किया

कांग्रेस महाराष्ट्र में 16 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर चुकी है। दूसरी तरफ कांग्रेस की लोकसभा चुनाव के लिए 13 लिस्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें 240 प्रत्याशियों के नाम तय किए जा चुके हैं। बची हुई सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों के नाम घोषित होने की उम्मीद है।

### एनसीपी (शरद चंद्र पवार) की दो लिस्ट में 7 प्रत्याशी के नाम

30 मार्च को एनसीपी(शरद चंद्र पवार) ने 5 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी। इसमें शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का भी नाम था। उन्हें बारामती से टिकट दिया गया है। इसके बाद 7 मार्च को 2 और नाम की लिस्ट जारी की गई थी।सुप्रिया के खिलाफ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ेंगी। अजित और सुप्रिया चचेरे भाई-बहन हैं। इस रिश्ते से सुप्रिया और सुनेत्रा ननद-भाभी हैं।

बारामती सीट 57 सालों से पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार ने 1967 में पहली बार बारामती से विधानसभा चुनाव जीता था। वे 1972, 1978, 1980, 1985 और 1990 के विधानसभा चुनाव में यहां से लगातार जीते।

# चुनाव के पहले चरण में 252 दागी उम्मीद्वार

## 450 करोड़पति,716 करोड़ के साथ नकुल नाथ सबसे अमीर उम्मीदवार

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 1618 उम्मीदवारों के चुनाव हलफनामों का एडीआर ने विश्लेषण किया है। इनमें 450 उम्मीदवार करोड़पति हैं। वहीं, पहले चरण में चुनाव लड़ रहे 16 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

देश में इस वक्त चुनाव की सरगर्मी है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। पहले चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण किया है। पहले चरण में कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 1618 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का




विश्लेषण किया गया है। सात उम्मीदवारों के शपथ पत्र स्पष्ट नहीं होने के कारण उनके हलफनामों को विश्लेषण नहीं हो सका है।

### 16 प्रतिशत उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि के

एडीआर ने सोमवार को जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि पहले चरण में 1618 उम्मीदवारों से 252 (16त्न) पर आपराधिक मामले चल दर्ज हैं। वहीं 450 (28त्न) उम्मीदवार करोड़पति हैं जबकि उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹4.51 करोड़ है। आइये जानते हैं कि एडीआर की रिपोर्ट में क्या-क्या है?

### उम्मीदवारों के खिलाफ इस तरह के मामले

1618 में से 252 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 1618 में से 161 (10 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 15 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किये हैं। सात उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से सम्बन्धित मामले घोषित किये हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 18 हैं। इन 18 में से एक उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 35 उम्मीदवार हैं।

### दलवार आंकड़े क्या हैं?

पहले चरण में बिहार की पार्टी राजद के सभी चार उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, डीएमके के 22 में से 13, सपा के सात में से तीन, तृणमूल कांग्रेस के पांच में से दो, भाजपा के 77 में से 28, अन्नाद्रमुक के 36 में से 13, कांग्रेस के 56 में से 19 और बसपा के 86 में से 11 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजद के चार में से दो, डीएमके के 22 में से छह, सपा के सात में से दो, तृणमूल कांग्रेस के पांच में से एक उम्मीदवार ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। वहीं भाजपा के 14, अन्नाद्रमुक के छह, कांग्रेस के आठ और बसपा के आठ प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं।

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

1618 में से 28 प्रतिशत यानी 450 उम्मीदवार करोड़पति हैं। भाजपा के 77 में से 69, कांग्रेस के 56 में से 49, राजद के चार में से चार, अन्नाद्रमुक के 36 में से 35, द्रमुक के 22 में से 21, तृणमूल कांग्रेस के पांच में से चार और बसपा के 86 में से 18 उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। इनमें 716 करोड़ के साथ नकुल नाथ सबसे अमीर उम्मीदवार हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-कल्पना करें चुनाव से पहले कितने लोग जेल में होंगे

**चेन्नई,09 अप्रैल 2024 (ए)।** सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे नहीं डाला जा सकता है ये कहते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक यूट्यूबर की ज़मानत बरकरार रखने का आदेश दिया। इस यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप था।



### कोर्ट ने उठाया यह सवाल

यूट्यूबर सत्ताई दुरईमुरुगन की ज़मानत रद्द करने के आदेश को खारिज करते हुए, जस्टिस अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले सभी लोगों को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो सोचिए कि कितने लोग जेल में होंगे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया।

### हाई कोर्ट ने रद्द कर दी थी जमानत

मुरुगन को साल 2021 में गिरफ्तार किया गया था। मद्रास हाईकोर्ट की सिंगल जज की बेंच ने उन्हें ज़मानत दी थी लेकिन 7 जून, 2022 को हाईकोर्ट की डिवीज़न बेंच ने उनकी ज़मानत रद्द कर दी। ये ज़मानत इसलिए रद्द की गई क्योंकि राज्य सरकार ने उन पर अपमानजनक टिप्पणी करने से परहेज़ करने के कोर्ट की शर्त का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था।

सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर के खिलाफ दायर उस एफ आईआर का भी संज्ञान लिया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने बाबरी मस्जिद के विध्वंस की निंदा करते हुए एक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। एफ आईआर के अनुसार वह कथित तौर पर उग्र होकर बोल रहे थे और हिरासत में लिए गए कुछ लोगों की रिहाई की मांग कर रहे थे।

कोर्ट ने इस पर कहा- ÷हमें नहीं लगता कि विरोध करने और अपने विचार व्यक्त करने पर यह कहा जा सकता है कि उन्हें दी गई स्वतंत्रता का दुरुपयोग हुआ है। हमारा विचार है कि ये जमानत रद्द करने का आधार नहीं बन सकते।

# मुख्य चुनाव आयुक्त को मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024 (ए)।** इंटेलिजेंस ब्यूरो की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को 5 कैटेगरी की सुरक्षा दी है। बता दें कि सुरक्षा को लेकर टीएमसी के साथ-साथ कई राजनीतिक पार्टियां इस समय हंगामा कर रही है।

इसे देखते हुए ही आईबी की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट आई थी, जिसके आधार पर ही मुख्य चुनाव आयुक्त को सुरक्षा दी गई है। बता दें कि जेड श्रेणी की सुरक्षा में कुल 33 सुरक्षागार्ड तैनात होते हैं। आर्म्ड फोर्स के 10 आर्म्ड स्टैटिक गार्ड वीआईपी के घर पर रहते हैं। 6 राउंड द क्लॉक पीएसओ,12 तीन शिफ्ट में आर्म्ड स्कॉर्ट के कमांडो, 2 वॉचर्स शिफ्ट में और 3 ट्रेंड ड्राइवर राउंड द क्लॉक मौजूद रहते हैं।




मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दोनों निर्वाचन आयुक्तों का कार्यकाल 6 वर्ष के लिए होता है। सीईसी की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष और चुनाव आयुक्तों की 62 वर्ष होती है। चुनाव आयुक्त का पद और वेतनमान भारत के सर्वोच्च न्यायलय के न्यायधीश के सामान होता है।राजीव कुमार देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। 1984 बैच के आईएएस अधिकारी रहे राजीव कुमार ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा की जगह ली है। वे इससे पहले चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं। राजीव कुमार भारत सरकार में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं।

### जाफर सादिक के 20 से ज्यादा ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली/चेन्नई,09 अप्रैल 2024 (ए)।** तमिलनाडु में मंगलवार सुबह से ही प्रवर्तन निदेशालय की टीम छापेमारी कर रही है। ईडी के अधिकारी पूर्व डीएमके नेता जाफर सादिक और उनसे जुड़े लोगों के कई ठिकानों पर एक साथ तलाशी ले रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग मामले में हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, चेन्नई और त्रिची और मदुरै समेत 20 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पार्टी बर्खास्त सादिक फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।



# हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका खारिज की

- » अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका
- » केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली
- » हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका ख़ारिज की
- » केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देते हुए याचिका हाईकोर्ट में लगाई थी...

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली के शराब घोटाले मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट अपना फैसला पढ़ रहा है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि केजरीवाल की याचिका जमानत के लिए नहीं है, बल्कि उन्होंने इसमें ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती दी है।. केजरीवाल ने अपनी याचिका के जरिए गिरफ्तारी और ईडी रिमांड का विरोध किया है। हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि ईडी ने अपनी दलील में कहा है कि याचिकर्ता इस पूरे मामले में शामिल है।




फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कई बयान दर्ज किए गए हैं, जैसे राघव मुंगटा और शरत रेड्डी का बयान. हाई कोर्ट ने कहा कि अप्रूवर का बयान ईडी नहीं बल्कि कोर्ट लिखता है। अगर आप उस पर सवाल उठाते हैं तो आप जज पर सवाल उठा रहे हैं। रेड्डी के बयान को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। केजरीवाल के पास ये अधिकार है की वह गवाहों को क्रॉस कर सकें. लेकिन निचली अदालत में न की हाई कोर्ट में. जांच किसी व्यक्ति के सुविधा के अनुसार नहीं चल सकती है। जांच के दौरान एजेंसी किसी के घर जा सकती है।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया है। किसी को कोई विशेषाधिकार नहीं दिया जा सकता है। ईडी के पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। जांच में पूछताछ से मुख्यमंत्री को छूट नहीं दी जा सकती। जज कानून से बंधे हैं, राजनीति से नहीं। इससे पहले शराब घोटाले में एक हफ्ते में अदालत के दो फैसले आए हैं। सुप्रीम कोर्ट से AAP के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को राहत मिली है और जमानत मिल गई है। जबकि बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका को ट्रायल कोर्ट (राउज एवेंन्यू कोर्ट) ने खारिज कर दिया है। अब केजरीवाल को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसलें पर नजरें टिकी हैं।उन्हें संजय सिंह की तरह राहत मिलेगी या के. कविता की तरह झटका लगेगा? ये दोपहर में साफ हो जाएगा।

# बाबा रामदेव-आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा माफी

### हलफनामा दाखिल करने का सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आखिरी मौका

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024 (ए)।** योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली कंपनी द्वारा जारी विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। अदालत में दायर दो अलग-अलग हलफनामों में, रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए भी माफी मांगी है।बीते कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को एक हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का आखिरी मौका दिया था। आज उन्होंने कोर्ट में हलफनामा दायर किया है।'



### अब से किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा

गौरतलब है कि 21 नवंबर, 2023 के आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा, विशेष रूप से पतंजलि द्वारा निर्मित किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग से संबंधित और इसके अलावा, औषधीय को लेकर दावा करने वाला या चिकित्सा की किसी भी प्रणाली के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा।

### मुझे अपनी गलती पर अफसोस है:रामदेव

आश्वासन का पालन न करने और उसके बाद के मीडिया बयानों ने शीर्ष अदालत को नाराज कर दिया, जिसने बाद में उन्हें कारण बताने के लिए नोटिस जारी किया कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत में दायर अपने हलफनामे में, रामदेव ने कहा कि मैं विज्ञापनों के मुद्दे के संबंध में बिना शर्त माफी मांगता हूं।

# समोसे में निकले कंडोम,पत्थर और तंबाकू

### कर्मचारियों के उड़े होश

**पुणे,09 अप्रैल 2024 (ए)।** महाराष्ट्र में पुणे से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शहर की एक नामी कंपनी की कैंटीन में बिकने वाले समोसों में पत्थर, तंबाकू और कंडोम निकलने का मामला प्रकाश में आया है। 27 मार्च को सामने आई इस घटना में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए एक आरोपी को अरेस्ट किया है। शहर के पिंपरी चिंचवाड स्थित एक प्रमुख ऑटो कंपनी को यह समोसे सप्लाई किए जाते थे। घटना के खुलासे के बाद हड़कंप की स्थिति है। जांच



में सामने आया है कि समोसे में कंडोम और तंबाकू और पत्थर भरने का खेल कारोबार की दुश्मनी में हुआ।

पुलिस ने बताया कि ऑटोमोबाइल फर्म की कैंटीन में खाने-पीने के सामान की सप्लाई करने की जिम्मेदारी कैटलिस्ट सर्विस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की थी। कैटलिस्ट सर्विस ने फर्म में समोसा सप्लाई करने का कॉन्ट्रैक्ट मनोहर एंटरप्राइजेज नाम की कंपनी को दिया था। ऑटो फर्म के कुछ कर्मचारियों ने समोसे में कंडोम, गुटखा और पत्थर मिलने की शिकायत की थी।चिखली पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि मनोहर एंटरप्राइजेज के कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि फिरोज शेख और विक्की शेख नाम के दो कर्मचारियों ने समोसे में कंडोम, गुटखा और पत्थर भरे थे। स्क्रस् एंटरप्राइजेज के पार्टनर की पहचान रहीम शेख, अजहर शेख और मजहर शेख के रूप में हुई है। ये तीनों मनोहर एंटरप्राइजेज की छवि धूमिल करना चाहते थे।

## संपादकीय

## घोषणा-पत्र पर आरोप-प्रत्यारोप

कांग्रेस ने लोक सभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र -'न्यायपत्र' में महिला, युवा, किसान, गरीबों को न्याय की बात करते हुए 25 गारंटियां पर जोर दिया है।कांग्रेस ने 10 अलग-अलग न्याय पर आधारित कुल 344 से ज्यादा वादे किए गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर पहले ही दिन हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र से साबित हो गया है कि कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है।उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को उसी सोच का द्योतक बताया जो आजादी के आंदोलन में मुस्लिम लीग की थी, लेकिन कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं क्योंकि वह कोई और नहीं, बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा। अलबत्ता, इसमें ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) की बाबत कोई आस्ति नहीं है। घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम के मुताबिक, ओपीएस को लेकर सरकार की समिति की रिपोर्ट का इंतजार है, इसलिए इस मुद्दे को घोषणापत्र में शामिल नहीं किया गया है।बहरहाल, घोषणापत्र, जिसे कांग्रेस ने न्यायपत्र-2024 कहा है, या संकल्पपत्र, जैसा कि भाजपा अपने घोषणापत्र को कहती है, चुनाव में दावेदारी पेश करने वाली हर पार्टी जारी करती है। पहली बार है, जब कांग्रेस ने देश में व्याप्त डर' की बात जोर-शोर से कही है।पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी करते समय दो सवालों को जनता की तरफ उछाला है, जिनसे घोषणापत्र हवा-हवाई घोषणाओं को पुलिंदा भर न दिखे। पार्टी ने आमजन से पूछा है, क्या आज आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है, और दूसरा सवाल यह कि क्या आपका मन भयमुक्त है।कांग्रेस के घोषणापत्र में किसानों को एमएसपी देने संबंधी वादा भी महत्त्वपूर्ण बिंदु है। यह मुद्दा किसानों के लिए बेहद संवेदनशील रहा है, और वे काफी समय से इसके लिए मांग मुखर करते रहे हैं। बहरहाल, देखा जाना है कि पक्ष-विपक्ष अपने-अपने घोषणापत्रों को कितना साकार कर पाएंगे जो हर बार चुनाव-बाद प्रायः उपेक्षित रह जाते हैं।

## पक्षपातपूर्ण राजनीति को कूटनीतिक एजेंडे का मार्गदर्शन नहीं करना चाहिए

दुनिया भर में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां नेताओं ने राजनयिक और राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों का उपयोग पक्षपातपूर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करना उचित समझा है। अधिकांशतः परिणाम विनाशकारी होते हैं। इसका शास्त्रीय उदाहरण 1962 का क्यूबा मिसाइल संकट है, जहां क्रमशः अमेरिका और यूएसएसआर की घरेलू और वैचारिक अनिवार्यताओं ने दुनिया को लगभग परमाणु युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया था। 1960 के संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के लिए राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के अभियान ने सोवियत संघ के लिए आक्रामक परमाणु हथियारों के मिसाइल अंतर को बंद करने पर जोर दिया। तब अधिकांश अमेरिकियों का मानना था कि सोवियत संघ के पास संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में परमाणु हथियारों का बड़ा भंडार था। यह एक प्रमुख घरेलू राजनीतिक प्रश्न बन गया था। दूसरी ओर, सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएसयू) के महासचिव और सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक संघ के अध्यक्ष निकिता श्वेत एक कट्टर मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी के समर्थक थे। जब मार्क्सवादी-लेनिनवादी क्रांति ने क्यूबा में सत्ता पर कब्जा कर लिया तो ख्रुश्चेव और सीपीएसयू विचारक ऊर्जावान हो गए। ख्रुश्चेव आश्वस्त थे कि 1961 में बे ऑफ पिग्स पर असफल आक्रमण, जिसमें अमेरिका समर्थित निर्वासितों ने कैरेबियन में कम्युनिस्ट स्वर्ग को उखाड़ फेंकने का प्रयास किया था।

-मनीष तिवारी-

# सिन्धियों का वार्षिक उत्सव चेटी चंड समर्पित आराध्य देव-झूलेलाल सांई को



जल के देवता,जो जल से उत्पन हो दर्शन दिये अपने भक्तों को उस मुश्किल घड़ी में जब सिंध प्रदेश के ठट्टा नगर में मिरखशाह नामक एक मुगल राजा मिरक द्वारा अपनी प्रजा पर बर्बरता करने , उन पर अत्याचार करने व उसने हिंदू आदि धर्म के लोगों को डरा-धमकाकर इस्लाम स्वीकार करवाने के समस्त सीमाओं का उल्लंघन कर दिया तब प्राचीने पद्धति अनुसार सभी जप , तप , होम आदि सिन्धु नदी के किनारे आसन लगा कर करने लगे । उनके आह्वान, जप , तप से ही उसी सिन्धु नदी से बड़ी सी मछली पर बैठे भगवान झूलेलाल सांई जी प्रकट हुए । उन्होंने समस्त भक्तों को आश्वासन दिया की वह सभी की रक्षा हेतु सिन्धी समुदाय में चैत्र माह में सुदी दूज पर श्रीरतनराय लोहाना जी के घर जन्म लेंगे और वह पुनः उसी सिन्धु नदी के भीतर अंतर्धान हो गये । उनके बताए अनुसार ही ठीक 40 दिनों बाद उसी जगह और उसी सिन्धी समाज के परिवार में उनका जन्म हुआ ।

जब इस बात का पता उड़ती-उड़ती खबर अनुसार उस ज़ालिम राजा मिरखशाह को पता चला तो उन्होंने अपने मंत्री को भेजकर इस खबर की पुष्टि करने को कहा । मंत्री खबर की पुष्टि करने हेतु बताई जगह पर पहुंचा तो उसे एकाएक एहसास हुआ कि यह कोई साधारण बालक नहीं है । क्यों की वह नवजात उन्हें एक नवयुवा लगा जो तलवार लिये उनकी ओर आ रहा तब मंत्री इस चमत्कार को देख बहुत डर गया उसने समस्त विवरण मिरखशाह को बताया ।

उस ज़ालिम ने अब तो भगवान झूलेलाल सांई को मारने के लिये अनगिनत हथकंडे अपनाए , जेल में भी बंद किया परंतु ये क्या उसी का महल चारों ओर से पानी के मध्यधार में समा गया और महल में आग लग गई विशेष आकाशवाणी व झूलेलाल भगवान द्वारा उसे आगाह कर हिन्दुओं पर करने वाले अत्याचारों को रोकने के लिये कहा । मिरखशाह बहुत डर गया वह भी पहचान गया था की झूलेलाल सांई को आम इंसान नहीं ये साक्षात भगवान है उसे अपनी ग़लती का एहसास हो गया उसने माफी मांगते हुए वादा किया की वह कभी भी हिन्दुओं के साथ अब कोई भी हिमायत नहीं करेगा और ना ही उन्हें कभी कोई चोट पहुंचाएगा ।

झूलेलाल सांई जी के प्रथम दर्शन जो कि सिन्धु नदी से प्रकट हो हुए थे इसलिए झूलेलाल सांई को जल का देवता वरुण देव भी कहा जाता है जो कि बहुत बड़ी मछली पर सवार थे इसलिए उनके मछली को सिन्धी भाषा में पल्ले कहा जाता है । सिन्धी व्यवसायी जब कभी भी प्राचीन काल में सिन्धु नदी से होकर दूसरे शहरों में जाते थे व्यवसाय हेतु तो वो सर्वप्रथम अपने इष्ट देव सांई झूलेलाल जी की आराधना कर व्यवसाय में आर्थिक लाभ व सकुशल लोट आने के लिए भी प्रार्थना करते थे । सांई झूलेलाल जी के नदी से उद्गम होने , उनकी भविष्यवाणी व जन्म दिवस जो चेत्र माह में हुआ था इसलिए इस विशेष दिवस को चेटीचंड के नाम से मनाया जाता है । यह पर्व सिन्धियों के नववर्ष शुरु होने को भी दर्शाता है । भारत देश के सिन्धी हर शहर में मेलों का आयोजन करते हैं और विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम,सिन्धी भजनों गीतों के द्वारा हर्षोल्लास का माहौल रहता है ।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# शिक्षक की संवेदनहीनता

अहमदाबाद के एक नामचीन निजी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने नौवीं कक्षा के मिर्गी की बीमारी से पीड़ित एक्स' छात्रा के समक्ष उसके पिता से कहा अगर मिर्गी की बीमारी की वजह से आपकी बेटी कक्षा में लगातार अनुपस्थित रह रही है तो आप किसी ओपेन स्कूल में उसका दाखिला करवा दीजिए, ताकि उसे रोज स्कूल जाने के बंधन से मुक्ति मिल जाए और सिर्फ परीक्षा देने के लिए ही स्कूल जाना पड़े।'प्रत्युत्तर में एक्स' छात्रा के अभिभावक ने कहा, मैडम, इस बीमारी में बच्चे I कम से कम 9 से 10 घंटे सोना जरूरी होता है, अन्यथा मिर्गी का ट्रिगर आ सकता है। इसलिए नींद नहीं पूरा होने पर एक्स' स्कूल नहीं जा पाती है, इस वजह से पूर्व के स्कूलों में भी एक्स' का 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरा नहीं हुआ था, पर कभी भी किसी शिक्षक या प्रिंसिपल ने इस तरह की आपत्तिजनक सलाह नहीं दी,एक शिक्षक होकर आप ऐसी बेतुकी बातें कैसे कर सकती हैं, क्या आपको नहीं मालूम है कि ऐसा करने से बच्चे पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ सकता है, उसके व्यक्तित्व का विकास भी बाधित हो सकता है आदि।' वाइस प्रिंसिपल से इस तरह के संवेदनहीन और अनैतिक सलाह की कतई अपेक्षा नहीं की जा सकती है, वह भी पीड़ित छात्रा के सामने, लेकिन शिक्षा के संक्रमण के दौर में शिक्षा और शिक्षकों का इस कदर बाजारीकरण हो चुका है कि शिक्षकों के संवेदनशील होने की कल्पना करना बेमानी है।अब टीचर और बुचर के बीच के फर्क की परत बहुत तेजी से छीज रही है। शायद इसी वजह से कोटा और देशभर में बड़ी संख्या में बच्चे हर साल आत्महत्या कर रहे हैं। निजी स्कूलों में सुविधाओं की बात करें तो मुश्किल से 5 प्रतिशत स्कूलों में ही खेल का मैदान है। ऐसे में, इंडोर गेम खेलकर बच्चे शारीरिक रूप से कितने फिट रहेंगे? अमूमन, निजी स्कूलों में न ही लाइब्रेरी होती है और न ही फर्स्ट एड की व्यवस्था। आजकल निजी स्कूलों में बच्चों को विभिन्न मुद्दों पर परामर्श देने के लिए काउंसलर भी रखा जा रहा है, लेकिन इनकी उपयोगिता भी सवालों के घेरे में हैं। कुछ स्कूलों में तो आज ड्रग्स और पॉर्न का बाजार भी फल-फूल रहा है।नर्सरी कक्षा से ही निजी स्कूलों में अभिभावकों से 1 से 1.5 लाख रु पए सालाना फीस वसूली जा रही है। बस का चार्ज अलग से लिया जा रहा है। आर्ट व क्राफ्ट एवं अन्य गतिविधियों के नाम पर अभिभावकों को पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। बावजूद इसके, स्कूलों में अभिभावकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है। निजी स्कूलों में मोटी फीस जरूर वसूल की जा रही है, लेकिन ऐसे अधिकांश स्कूलों में शिक्षा का स्तर दोयम दर्जे का है। कई निजी स्कूलों की हालत सरकारी स्कूलों से भी बदतर है। निजी स्कूलों में शिक्षकों का वेतन कम होने के कारण ज्ञानहीन शिक्षक अध्यापन का काम कर रहे हैं, जो बच्चों को पढ़ाने की कला से अनभिज्ञ होते हैं, क्योंकि वे प्रशिक्षित नहीं होते हैं।दरअसल, बेरोजगारी की वजह से युवा कम वेतन में भी स्कूल में पढ़ाने के लिए तैयार हो जाते हैं, लेकिन आमतौर पर उनके घर की जरूरतें वेतन से पूरी नहीं हो पाती है, जिसके कारण उन्हें ट्यूशन पढ़ाना पड़ता है। ट्यूशन के लिए स्कूल के बच्चों के अभिभावकों को राजी करना सबसे आसान होता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों को स्कूल में इस तरह से पढ़ाया जाता है कि विषय की सामग्री उन्हें समझ में नहीं आए। साथ ही, वार्षिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाओं, परियोजनाओं, अतिरिक्त गतिविधियों में 20 में से 20 नंबर उन्हीं बच्चों को दिया जाता है, जो ट्यूशन पढ़ते हैं। यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होती है और शिक्षकों द्वारा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है।अकूत पैसा कमाने की चाहत की वजह से एक कक्षा में 40 से 50 बच्चों को पढ़ाया जाता है। शिक्षक कक्षा में सिर्फ तेज बच्चों के तरफ ध्यान देते हैं, जिसके कारण अधिकांश बच्चों की संकल्पनाएं विषय के बारे में स्पष्ट नहीं हो पाती है। हालांकि, यह सच है कि अगर स्कूल में शिक्षक समुचित तरीके से पढ़ाएंगे तो बच्चों को ट्यूशन पढने की जरूरत कभी नहीं पड़ेगी। मौजूदा समय में पेन, पेंसिल, कॉपी, स्कूल बैग, जूते, मोजे, ड्रेस, किताब हर चीज की खरीदगी में स्कूल कमीशन ले रहा है।निजी स्कूलों में किताबों को एमआरपी पर बेचने का ढोंग किया जाता है, क्योंकि उनकी एमआरपी उनकी वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक होती है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फोर्मेशन सिस्टम फॉर एडुकेशन (यूडीआईएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 में भारत में कुल स्कूलों की संख्या 14,08,115 थी, जबकि निजी स्कूलों की संख्या लगभग 3.40 लाख थी। भले ही सरकारी स्कूलों की संख्या ज्यादा है, लेकिन आर्थिक रूप से सबल अभिभावक; बच्चे को अंग्रेजी में बेहतर शिक्षा मिले, वे संचार कौशल में प्रवीणता हासिल करें आदि के लिए उन्हें निजी स्कूलों में दाखिला करवाते हैं। देखा जाए तो देश में आज एक ऐसा पारिस्थितकी तंत्र का निर्माण हो चुका है, जिसमें सरकारी स्कूलों को हेय की दृष्टि से देखा जा रहा है। यह माना जा रहा है कि अगर निजी स्कूल में बच्चे पढ़ेंगे तभी उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। निजी स्कूल, अभिभावकों की इस कमजोरी को अच्छी तरह से समझ चुके हैं। वे जान गए हैं कि अभिभावक अपने बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं अर्थात वे बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए कोई भी कीमत अदा कर सकते हैं। इसलिए, निजी स्कूल के शिक्षक और प्रबंधन अभिभावक से पैसे वसूलने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं।आज शिक्षा कारोबार बन चुका है, जिसके कारण शिक्षा के मंदिरों में संवेदनशीलता और मानवता का भी लोप हो रहा है। स्कूल प्रबंधन का लक्ष्य ज्ञान वितरित करने की जगह मुनाफा अर्जित करना हो गया है। लिहाजा, देशभर में निजी स्कूलों के आभामंडल को लगातार चमकीला, आकषर्क और प्रभावशाली बनाया जा रहा है, ताकि आमजन खुद व खुद इसकी तरफ खिंचा चला आए। देश के हिंदी पट्टियों में अभी भी अंग्रेजी का प्रभामंडल बहुत ही ज्यादा प्रकाशमान है। इसलिए, आमजन अपने बच्चों को अंग्रेजी में प्रवीण बनाने और उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु निजी स्कूलों के सब्जबाग में फंस जाते हैं। आज शिक्षा बाजार बन चुका है और इस बाजार में अभिभावक स्कूलों में मोटी फीस जमा करने के बाद भी शिक्षकों के सामने डर की वजह से कुछ नहीं बोल पा रहे हैं।

-सतीश सिंह-

## भारतीय सशस्त्र बलों को हर समय लाइन पर बने रहने की आवश्यकता क्यों?

सभी भारतीय सैन्यकर्मी, चाहे वे जवान हों या अधिकारी,केवल भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेते हैं, किसी राष्ट्रीय नेता, पार्टी या सरकार के प्रति नहीं। पवित्र शपथ, मैं ईश्वर की शपथ लेता हूं कि मैं संविधान की रक्षा करूंगा और उसका सम्मान करूंगा, आजादी के बाद से सभी सत्तारूढ़ दलों द्वारा पक्षपातपूर्ण उद्देश्यों के लिए संस्था को हड़पने, हथियाने या यहां तक कि अपमानित करने के कई प्रयासों के बावजूद, अपरिवर्तित बनी हुई है। यह कभी-कभी सेना पर नागरिक नियंत्रण के महान सिद्धांत का दुरुपयोग करने के समान होता है, और ÷विभाजन÷ से बचा लिया गया, जो ÷राष्ट की तलवार भुजा÷ की गरिमा और प्रभावकारिता को कम कर सकता था, जो गर्व से समावेशी,धर्मनिरपेक्ष थी। और गैर-भेदभावपूर्ण.राजनीतिक रूप से आरोपित माहौल में, जहां राजनेता इस प्रकार के संस्थागत संयम, ईमानदारी और दूरी के प्रति बहुत कम सम्मान रखते हैं, सशस्त्र बलों को संवैधानिक परंपराओं के संरक्षक के रूप में सीधे खड़े रहना चाहिए-वे किसी अनुचित एजेंडे की अनुमति नहीं दे सकते हैं या इस पर राय व्यक्त नहीं कर सकते हैं। ऐसे मामले



हालांकि फील्ड मार्शल के.एम. जैसे वर्दीधारी लोगों का नेतृत्व और आचरण। करिअप्पा, जनरल के.एस. थिमैया, आईएएफ मार्शल अर्जन सिंह, फील्ड मार्शल एस.एच.एफ.जे. मानेकशॉ और अन्य लोगों ने संस्था को हमेशा उसके संवैधानिक आधार की ओर अग्रसर किया है। वर्दीधारी बिरादरी के कई लोग बाद में राजनीतिक क्षेत्र में चले गए-जैसे कि मेजर जसवन्त सिंह, स्क्वाड्रन लीडर राजेश पायलट, मेजर जनरल बी.सी. खंडूरी, आदि-और फिर भी प्रत्येक ने अपने ÷बुनियादी आह्वान÷ का आह्वान किए बिना या किसी वैचारिक या पक्षपातपूर्ण झंडे के प्रति किसी संस्थागत प्राथमिकता का सुझाव दिए बिना अपनी सफल राजनीति की। यह उनका श्रेय है कि अपने व्यक्तिगत पक्षपातपूर्ण विकल्पों के बावजूद, उन्होंने संवैधानिक रूप से गैर-राजनीतिक संस्था में पक्षपात करने या उसका प्रचार करने से परहेज किया। वास्तव में व्यक्तिगत अपमान के कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर भारतीय सशस्त्र बलों को सामाजिक भावनाओं, नैतिकता (हालांकि नागरिक समाज में महत्वपूर्ण और गूंजने वाले) जिन्हें सेना छावनियों के बाहर सबसे अच्छे तरीके से संभाला जाता है। यह एक अच्छे कारण के लिए है कि राजनीति, पक्षपात, या यहां तक कि गुप्त राजनीतिक विषय सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच बातचीत के सबसे हतोत्साहित विषयों में से हैं। अफसोस की बात है कि हाल ही में हमने परंपरा से बंधे संस्थान की एक असामान्य पहुंच, अनियंत्रित या सभ्यता (गैर-सैन्य संदर्भ में) देखी है, जो गर्व से रेजिमेंट और सेवा मानदंडों की अपनी विचित्रताओं को सहन करता है जो कि प्रतीत हो सकते हैं कालानुक्रमिक या यहां तक कि बाहर के लोगों के लिए भी दिनांकित। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये परंपराएँ इतिहास में निहित थीं (भले ही वे औपनिवेशिक हों), आकर्षक थीं, और उस संस्थान में अतुलनीय उत्साह और विशिष्टता लाती थीं, जो तब भी अच्छी स्थिति में खड़ा रहता था, जब भी सशस्त्र बलों का परीक्षण किया जाता था।

-भूपिन्दर सिंह-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## प्यार से रहो

आज मनुष्य खाने, सोने या यहाँ तक कि साँस लेने के लिए भी समय के बिना इधर-उधर भाग रहा है।
इस तरह भागते जीवन में आप कैसे अर्थ ढूंढेंगे?
तुम्हें धन अवश्य मिलेगा। यहां सिर्फ पैसे से ही जिंदगी नहीं चलने वाली, उससे भी ज्यादा रिश्ते, प्यार और गर्मजोशी की जरूरत इंसान को आखिरी दम तक होती है। यदि आप उस प्यार के लिए कुछ नहीं करते हैं, उसे साझा नहीं करते हैं, उसे व्यक्त नहीं करते हैं, उसे खाली छोड़ देते हैं, न खाते हैं, न सोते हैं, तो क्या आपको आश्चर्य नहीं होता कि आपका जीवन कैसा होगा अंत?अगर आपके जीवन में ऐसे सवाल आते हैं तो इसका मतलब है कि आप जीने के लिए तैयार हैं। इसके बिना अगर आप हमेशा अपने स्वार्थ के बारे में सोचेंगे और अपनी मेहनत और समय को खुद पर खर्च करने और पैसा कमाने के बजाय अपने परिवार और रिश्तेदारों पर खर्च करेंगे तो कोई भी रिश्ता आपसे हाथ नहीं धोएगा.यह याद रखते हुए अपना जीवन जीने की कोशिश करें कि कोई भी रिश्ता प्यार और देखभाल के बिना नहीं है क्योंकि जीवन सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है, पैसा अधिक लोगों को लाएगा लेकिन वास्तविक रिश्ते और वास्तविक लोग आपको छोड़ देंगे।कारण यह है कि मनुष्य का स्वभाव प्यार करने में है और यह कागज के नोटों में नहीं है, आप कागज के नोटों से एक चीज खरीद सकते हैं, लेकिन आप प्यार कभी नहीं खरीद सकते.. इसलिए अगर आप प्यार खरीदना चाहते हैं तो आपको देना होगा पहले प्यार करो। अगर आप ऐसे लोगों से घिरे हैं जो आपसे प्यार करते हैं और आपका समर्थन करते हैं, तो आपको पता चल जाएगा कि आपकी संपत्ति धूल के अलावा कुछ नहीं है।इसलिए, अपने स्वार्थ और अपने विकास के लिए, कभी भी न सोएं, न जागें और न ही खुद को भूखा रखें।अपने रिश्तों और अपने दोस्तों के लिए प्यार और गर्मजोशी के साथ रहने की कोशिश करें जो आपको अंत तक बचाएगा और आपको दूसरों से पहले इंसान भी बनाएगा।



ओत्तेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बुढ़ापा किसी दर्द से कम नही

आज के समय में बुढ़ापा कोई दर्द से कम नही,जी हाँ! आज लेखिका मुस्कान केशरी जी अपने पाठकों को बुढ़ापा से जुड़ी एक कहानी बताना चाहती है। इस दुनिया में जो भी इंसान आया उसे अपना बचपन, जवानी और बुढ़ापा देखकर ही स्वर्गलोक जाना होता है। लेकिन कभी-कभी किसी बीमारी या सड़क दुर्घटना या फिर किसी प्राकृतिक घटनाओं से अंकाल मृत्यु भी हो जाती हैं पर कुछ ऐसे भी मनुष्य है जो बचपन से बूढ़ापा तक अपना जीवन जीते है। तो चलिए आज इस कहानी का शुरुआत करते हैं। यह कहानी सात अप्रैल रविवार की है, जब लेखिका मुस्कान केशरी जी अपनी वरिष्ठ महिला साहित्यकार के घर गई। क्योकि वरिष्ठ महिला साहित्यकार को अपनी पुस्तक प्रकाशित करवाना था और महिला साहित्यकार बूढ़ी होने के कारण कही आती जाती नही थी, इसलिए उन्होने लेखिका मुस्कान केशरी जी को ही अपने घर बुला लिया। जब वो वहाँ गई। तो लेखिका को बहुत आश्चर्य हुआ,आश्चर्य होने का वजह वरिष्ठ साहित्यकार की हालत। एक समय था कि वो पूरे बिहार में जानी जाती थी और अब उन्हे ना अच्छे से सुनाई देता है और ना ही वो कुछ अच्छे से बोल पाती है पर फिर भी वो लगातार अपनी रचनाएँ लिखती रहती है। यहाँ माँ सरस्वती की कृपा है, कि उनकी दोनों आँखों से दिखाई भी देता है और फोन पर अच्छे से टाइप भी कर लेती है। सबसे सक्रिय सदस्य की बात किया जाए तो इनका ही नाम आता है। अब देखिए आज का समय ऐसा हो गया है कि किसी के पास किसी के लिए समय नही। इन्होने मात्र 50 रूपए मासिक वतन से अपना घर, परिवार चलाया हैं और अपने बच्चो को आज उस मुकाम पर पहुँचाया जहाँ वो जाना चाहते थे। वरिष्ठ महिला साहित्यकार के पति नही है, बच्चे जाँब के कारण बाहर रहते हैं। बच्चे अच्छे वतन के साथ अपना घर-परिवार चलाते हैं और अब उनके भी बच्चे हो चूके है। अब यहाँ सोचने की बात है कि एक ऐसी वरिष्ठ महिला साहित्यकार जिनके पति नही है, कानों से सुनाई नहीं देता है, कुछ खाने के लिए दाँत नही है। ठीक से वो सीढ़ी पर चढ़-उतर भी नहीं सकती हैं। वैसी महिला को घर में अकेला छोड़ना सही है क्या ? एक माँ या एक महिला को क्या चाहिए होता है कि उसके परिवार के सदस्य खुश रहे, आबाद रहे, इसका ये मतलब नहीं कि उन्हे ही छोड़ दे। महिला साहित्यकार के पास लगभग दो घंटे बैठने के बाद या ये कहे उनकी पूरी जीवनी सुनने के बाद लगता है कि ये कैसा समय आ गया है। एक माँ-बाप पूरा जीवन लगा देते हैं अपने बच्चो के लिए और जब माँ-बाप का समय आता है तो बच्चे भूल जाते हैं। क्या वो कोई सामान थे, जिन्हे आपने घर में रख दिया और भूल गए। अरे वो माँ-बाप है, उनकी कदर करे क्योकि कोई भी आज के समय में अमर होकर नही आया है। एक ना एक दिन सबको जाना ही है और जैसा आप अपने माँ-बाप के साथ करेगे वैसा ही फिर आपके बच्चे, आपके साथ करेगे तो ये बात कहिएगा की क्या कमी था मेरे में, जो बच्चे ऐसे कर रहे हैं। बच्चे वही करते हैं जो देखते हैं। वरिष्ठ महिला साहित्यकार की जीवनी लिखना संभव नहीं, बस आप सभी को बताना था कि आज के समय में बुढ़ापा कोई दर्द से कम नही। और अगर आपके घर में बूढ़े माँ-बाप है तो कदर करें, आदर-सम्मान दे क्योकि कोई भी अमर होकर नही आया। चलिए इसके साथ खुशखबरी भी देते हैं। जल्द ही महिला साहित्यकार की पुस्तक एम एस केशरी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।।



मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जसगीत तँय कब आबे मइँया



तँय कब आबे ओ मइँया,
मोर घर दुवारी अँगना।
तोर दर्शन पाये बर ओ,
मोर तरसत हावै नयना।।
तोर अगोरा मा ओ दाई,
मैं आस लगाये हावँव।
अँगना सुग्घर लिपवा के,
दियना जलाये हावँव।।
तँय कब आबे ओ मइँया..।।
टिकली फुंदरी चुरी मुंदरी,
लाली चुनरी मँय लानेंव।
तोर सिंगार करे बर दाई,
सोला साज मँय राखेंव।।
तँय कब आबे ओ मइँया..।।
आनी-बानी फूल मंगायेंव,
घर अँगना ला महकायेंव।
चंपा चमेली गुलाब गोंदा,
मोंगरा के गजरा बनायेंव।।
तँय कब आबे ओ मइँया...।।
भोग लगाये बर रोटी-पीठा,
ठेठरी-खुरमी मँय बनायेंव।
खीर हलवा बरा-सोंहारी,
तोर बर माता मैं लायेंव।।
तँय कब आबे ओ मइँया.।।



राजकुमार निषाद राज
बिरोदा धमधा
दुर्ग छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कोशिशें कामयाब होती है...



कदम उनके कभी नहीं रुकते,
मंजिले जिनके ख्वाब होती है।
कोशिश करना मत छोड़ क्योंकि
कोशिशें कामयाब होती है।।
अक्सर हिम्मत टूट जाते हैं,
जब हलाते खराब होती है।
कोशिश तू हमेशा कर क्योंकि
कोशिश कामयाब होती है।।
जो रखता है लक्ष्य को सीने में,
लक्ष्य उनका लाजवाब होती है।
कोशिशें तू जारी रख क्योंकि
कोशिश कामयाब होती है।।
जिंदगी की कठिन राहों में,
मुश्किलें बेहिसाब होती है।
कोशिशें तू करते जा क्योंकि
कोशिश कामयाब होती है।।



श्याम सुंदर साहू
राजिम जिला गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## हम हिन्दू नव वर्ष मनाएँगे

मैं इस, धन्य-धरा का, हिन्दू हूँ
मेरा घर-संसार, हिंदुस्तान है।
मैंने, इस मिट्टी में, जन्म लिया
इसका बहुत मुझे अभिमान है।
हम भारतवासी, सच्चे हिन्दू हैं
हम सब विक्रम संवत मनाएँगे
चैत्र प्रतिपदा तिथि को मिलके
हिन्दू जनजन नव वर्ष मनाएँगे।
आओ नमन करें, हम जनजन
विक्रमादित्य महान सम्राट को।
आओ अभिनन्दन,स्वागत करें
ऐसे प्रतापी महाराज विराट को।
आइए हम सब बहिष्कार करें
विदेशी, सभ्यता, संस्कृति को।
आइए हम सब, अंगीकार करें
सनातन भारतीय संस्कृति को।
आइए भगवा, झंडा फहराएंगे
भारत की, जयकारा लगाएंगे।
अपने धर्म का, सम्मान बढाएंगे
भारत माँ का सर ऊँचा उठाएंगे।
ये,भारत हम सबकी पहचान है
भारत ही हमारा, स्वाभिमान है।
भारत अखिल विश्व में महान है
यही हम सभी का, अभिमान है।
हे माता तेरी मिट्टी की सौगंध है
हम तेरी लाज, हरदम बचाएंगे।
चाहे कुछ हो जाए माता हम
तेरा पर्वत सा भाल ऊँचा उठाएंगे।



अशोक पटेल आशु
,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चौपई छंद/जयकरी छंद

कैसे कहती उनसे प्रीत
मिले कभी ना जिनसे मीत
समझे कैसे मन का हाल
बिना बताए रहे मलाल
सुन कटु बातें मन में
द्वेष स्वयं पर ही घमंड शेष
सबको कहते मूर्ख संग
चर्चा करो न मारो व्यंग
कहता पाठक स्वयं को नृप
समझे दूजा रंक स्वरूप ।।
ना जाने सच मूढ़ अज्ञान
ईश का द्वार सभी समान
किसको प्रिय है सज्जन आज सुन
लग अजीब निश्चय साज।
कर अभिमान न होता काज सुन
प्रेम मधुर आवाज़।।



वर्षा शिवांशिका
कुवैत

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में मां के दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़






**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

चैत्र नवरात्रि की शुरूआत मंगलवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके साथ ही मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित करने और माता की आराधना के लिए भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं के बीच खास उत्साह देखा गया। भक्तों ने मंदिर पहुंच कर मां के सीधा दर्शन किए और अपने परिवार की सुख- समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा हुई।

मंगलवार को जगत जननी मां दुर्गा की आराधना शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ प्रारंभ हुई। शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। माता की एक झलक पाने के लिए सभी श्रद्धालु लालायित नजर आए। माता रानी के दरबार में माथा टेकने का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा। चैत्र नवरात्रि की शुरूआत मंगलवार को भक्तिमय वातावरण में हुई। पहले दिन मां का विशेष श्रृंगार किया गया। शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। महामाया मंदिर, समलाया मंदिर, मां दुर्गा शक्तिपीठ गांधी चौक, संत हरकेवल मंदिर, काली मंदिर, रघुनाथपुर मंदिर, शीतला मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में माता की आराधना करने श्रद्धालु पहुंचे। मंदिरों में देवी भागवत कथा, दुर्गा सप्तसती का पाठ व भजन-कीर्तन किया जा रहा है। माता के मंदिर में मुख्य कलश स्थापित करने के बाद मंत्रोच्चारण के साथ ही विधिवत पूजन हुआ। इसके बाद सैकड़ों ज्योति कलश प्रज्जवलित हुए। माता के दरबार में ज्योत जलाकर भक्त मनौती पूरी होने की कामना करते नजर आए। वहीं कई भक्तों ने अपने-अपने घरों में भी ज्योति कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की। नवरात्रि के प्रथम दिवस माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई। शैलपुत्री का अर्थ पहाड़ों वाली माता होता है। माता के इस स्वरूप की पूजा से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। सभी ने श्रद्धाभाव से मां के पहले रूप की पूजा-अर्चना कर अपने व परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

### मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगी कतार

चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों के पट पूरी तरह से श्रद्धालुओं के लिए खोले गए हैं। मां के दर्शन के लिए सुबह से ही महामाया मंदिर सहित दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर व अन्य मंदिरों में श्रद्धालओं की लंबी कतारें लगी हुई थी।

# 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन... नाम निर्देशन की प्रक्रिया हो जाएगी शुरू

- » कलेक्टर एवं एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा
- » कलेक्टोरेट परिसर मेन गेट अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए आरक्षित



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिले में नाम निर्देशन की प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में अभ्यर्थियों और उनके साथ आने वाले प्रस्तावक के बैठने सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएगी।

जिला कार्यालय परिसर एवं आस-पास की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला कार्यालय में प्रवेश व्यवस्था निर्धारित की गई है जिसके तहत निर्वाचन कार्य में संलग्न कलेक्टरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों तथा नामांकन दाख़िल करने वाले अभ्यर्थियों हेतु प्रवेश मार्ग अलग-अलग रखा गया है।

अभ्यर्थियों हेतु कलेक्टरेट परिसर के मेन गेट से एंट्री रखी गई है। गेट नम्बर-1 घड़ी चौक की ओर से जिला कार्यालय के मुख्य द्वार वाली मार्ग से राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक तथा अन्य सदस्यगण प्रवेश करेंगे। वहीं जिला कोर्ट मार्ग से गेट नम्बर 2 से अधिकारियों-कर्मचारियों की एंट्री रखी गई है। गेट नम्बर-2 गांधी स्टेडियम व सिविल कोर्ट की ओर आने-जाने वाली मार्ग की ओर से अधिकारी कर्मचारी एवं आम जन प्रवेश करेंगे।

### नामांकन जमा करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति

अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित गेट नंबर 1 में जानकारी अंकित की गई है। मुख्य मार्ग से प्रवेश गेट तक आने में डबल बैरिकेडिंग लगाई गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु कलेक्टर कोर्ट रूम कक्ष निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकते हैं।

गौरतलब है कि निर्वाचन समय सारणी के अनुसार 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नाम निर्देशन जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 होगी। 20 अप्रैल को स्क्रूटनी की जाएगी तथा 22 अप्रैल तक नाम वापसी की जा सकेगी।

# छात्रों ने परीक्षा से पूर्व मतदान की ली शपथ



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के सरस्वती महाविद्यालय सुभाषनगर में मंगलवार की सुबह लोकतंत्र के महापर्व चुनाव के लिए परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को स्वीप सरगुजा के अंतर्गत मतदान जागरूकता के लिए प्राचार्य डॉ. बीपी तिवारी ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। साथ ही लोकसभा में होने वाले आगामी चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान देने शपथ दिलाई। डॉ. बीपी तिवारी ने शपथ से पूर्व सभी विद्यार्थी एवं परीक्षार्थियों को भारतीय लोकतंत्र और उसके आयाम से अवगत कराया उन्होंने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में सत्ता का विकेंद्रीकरण है केंद्र और राज्य सरकारे नियमबद्ध तरीके से शासन व्यवस्था को गति देती है विधानसभा और विधान परिषद के विधायकों का चुनाव सीधे जनता द्वारा होता है लोकसभा के सांसदों का चुनाव जनता सीधे मतदान से करती है। राज्यसभा संसद का उच्च सदन है

डॉ बीपी तिवारी ने युवाओं से यह भी अपील किया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सत प्रतिशत मतदान निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए आप सब की भागीदारी बहुत जरूरी है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्वीप प्रभारी सुरेश यादव के साथ ऋषि सिंह,धर्मेंद्र श्रीवास्तव,प्रवीण शर्मा बालेश्वर राम एवं एनएसएस के वालंटियर भी उपस्थित थे।

# अच्छा मानसिक स्वास्थ्य ही खोलता है खुशियों के द्वार : डॉ रेलवानी




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज और डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ सरगुजा के संयुक्त तत्वावधान में 8 एवं 9 अप्रैल को दो दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जेके रेलवानी उपस्थित थे। जिन्होंने अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को ही खुशियों तक पहुंचने का मार्ग बताया, इसके अलावा उपस्थित अतिथियों में डॉ. विमल चंद्र पैंकरा मेडिकल ऑफिसर डीएमएचपी जिला अस्पताल,कम्युनिटी नर्स नीतू केसरी, सृष्टि चौरसिया एवं मनोज बीसेन सोशल वर्कर सुमित्रा बुनकर शामिल थे।

इस दौरान सोशल वर्क विभाग की छात्राओं द्वारा व्यथित मनुष्य की मनोदशा को नृत्य द्वारा जीवंत तरीके से व्यक्त किया गया। प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ ने कार्यशाला के प्रशिक्षक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनको सम्मानित किया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ सिस्टर मंजू टोप्पो, डॉ सीमा मिश्रा, अल्मा मिंज, प्रेरणा लकड़ा, अंजना उपस्थित थे।

# ट्रक मालिक, चालक व ट्रांसपोर्टर ने बेच दीया 7.33 लाख का कनकी चावल,गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

530 बोरी कनकी (चावल का टुकड़ा) हेराफेरी किए जाने के ममाले में बतौली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में ट्रक मालिक, ट्रक चालक व ट्रांसपोर्टर शामिल है। तीनों मिली भगत कर बतौली से लोड 7.33 लाख का कनकी चावल को धनबाद पहुंचाने के बजाए बीच रास्ते में गुमला झारखंड में एक व्यापारी के हाथों 6 लाख रुपए में बेच दिया था। विक्रता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

मामले का खुलासा करते हुए एएसपी अमोलक सिंह ने बताया कि प्रवीण गर्ग बतौली का रहने वाला है। 28.540 टन कनकी चावल था। उक्त चावल को बेचने के लिए सिल्लीगुड़ी के परमेश्वर प्रसाद शिवाजी प्रसाद एंड कंपनी नेहरू रोड से 7 लाख 33 हजार 478 रुपए में तय हुआ था। 4 मार्च 2024 को ट्रांसपोर्टर सिद्दीविनायक के संचालक पीतांबर यादव निवासी पत्थलगांव के माध्यम से बात कर ट्रक क्रमांक जेएच 19 ए 7110 के मालिक निरंजन साहू निवासी गुमला से चावल सिल्लीगुड़ी भेजने की बात हुई थी। ट्रक चालक विरेंद्र तिग्गा निवासी तेल्या थाना राइढ़ी झारखण्ड द्वारा बतौली से चावल लोड कर सिल्लीगुड़ी के लिए निकला था। क्रेता परमेश्वर प्रसाद ने विक्रता प्रवीण गर्गा को फोन कर जानकारी दी की चावल अब तक नहीं पहुंचा है। पता करने पर मालूम हुआ कि ट्रक गुमला स्थित पेट्रोल पंप में खड़ा है और ट्रक मालिक गोल मोल जवाब दे रहा है। विक्रता प्रवीण ने मामले की रिपोर्ट बतौली में दर्ज कराई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान बतौली पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ट्रक मालिक, चालक व ट्रांसपोर्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि आपस में मिली भगत कर उक्त चावल को गुमला स्थित एक व्यापारी के पास 6 लाख में बेच देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी ट्रक मालिक निरंजन साव उम्र 33 वर्ष निवासी खोरा थाना-जिला गढ़वा, ट्रक चालक विरेन्द्र तिग्गा उम्र 25 वर्ष निवासी तेल्या थाना राइढ़ी झारखण्ड व ट्रांसपोर्टर पीताम्बर यादव उम्र 50 वर्ष निवासी दिवानपुर थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# मुझे पूरा विश्वास है कि शशी सांसद बनेगी तो सरगुजा को निराश नहीं करेगी:टीएस सिंहदेव






**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भारत जोडो यात्रा के दौरान मैने शशी सिंह को राहुल जी के साथ-साथ 4000 कि0मी0 चुनौतीपुर्ण पदयात्रा करते देखा। मैने पाया कि वो जुझारु है। बेहद क्षमतावान युवा महिला है। वह मन से सशक्त है। उसमें सरगुजा के लिये संसद में प्रतिनिधित्व की क्षमता है। वो मेरी पुत्री सदृश्य है। मुझे पूरा विश्वास है कि शशी सांसद बनेगी तो सरगुजा को निराश नहीं करेगी। सरगुजा से कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी के लिये पूर्व उपमुख्यमंत्री टी0एस0 सिंहदेव ने कुछ इस प्रकार से अपनी भावनाएं सरगुजा जिले के कोने-कोने से आये सैकडों कॉग्रेस कार्यकर्ताओं के समक्ष व्यक्त की। खरसिया रोड स्थित नारायणी परिसर में आज सरगुजा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का संवाद शिवर आयोजित हुआ था। जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के द्वारा आयोजित इस संवाद शिविर में जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कार्यकर्ताओं से रणनितिक संवाद के लिये यह शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को चुनावों के दौरान प्रचार से संबंधित टिप्स दिये गये,साथ ही उन्हें कांग्रेस के लोकहितकारी घोषणा-पत्र को प्रत्येक घर तक पहुँचाने की जिम्मेदारी दी गयी। करीब 3 घंटे के इस कार्यक्रम के दौरान कई वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम भाग में सरगुजा से कांग्रेस उम्मीदवार शशी सिंह ने संवाद शिविर को संबोधित किया। सरगुजा से उम्मीदवारी के रुप में चयन के लिये शशी सिंह ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टी0एस0 सिंहदेव का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने एक युवा महिला पर अपना विश्वास जताया है। अगर सरगुजा की जनता ने मुझपर विश्वास जताया तो संसद में सरगुजा की आवाज बनकर गूंजूंगी। नेता बनकर नहीं सरगुजा के जनता की बेटी बनकर सरगुजा वासियों के बीच रहकर काम करुंगी। शिविर के अंत में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री टी0एस0 सिंहदेव ने सबसे पहले कार्यकर्ताओं को नवरात्री, ईद, झूलेलाल जयंती के साथ ही चुनाव के त्यौहार की बधाई दी। कार्यकर्ताओं को उन्होंने बताया कि देश के लिये चिंता करने वाले सारे लोग देश के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं, इस कारण देश में बदलाव की छुपी हुई बयार चल रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव का परिणाम बेहतर प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर आधारित होता है। पार्टी ने बेहतर प्रत्याशी दिया है, अब हमें जम के मेहनत करना है। परिणाम हमारे पक्ष में होंगे। पार्टी के घोषणापत्र के निर्माण को लेकर उन्होंने कहा कि इसे बनाने के लिये उन्होंने कई विशेषज्ञों से चर्चा की,जिनमें रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी अपने घोषणापत्र पर अमल करके दिखाया है और आगे भी दिखलायेंगे। हम उन लोगों की तरह नहीं हैं जो कभी जर्सी गाय तो कभी 2 करोड की नौकरी देने का वादा कर मुकर जाते हैं। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति यह कहते थे कि न खाऊँगा न खाने दूंगा उनकी पोल सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय से खुल गयी है कि इलेक्टोरल बॉड के जरिये वो कैसे बटोर-बटोर के खा रहे हैं और खिला रहे हैं। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली से प्रधानमंत्री की तुलना करते हुए कहा कि वे ब्रेट-ली से ज्यादा तेज फेंकते हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरगुजा लोकसभा के लिये कांग्रेस का कार्यकर्ताओं से संवार शिविर जारी रहेगा। 10 अप्रैल को सूरजपुर और 14 अप्रैल को बलरामपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। आज के शिविर में सरगुजा लोकसभा प्रभारी पवन अग्रवाल, डॉ0 प्रीतम राम, बालकृष्ण पाठक,अजय अग्रवाल, शफी अहमद, जे0पी0 श्रीवास्तव,मधु सिंह, डॉ0 अजय तिर्की,राकेश गुप्ता,सीमा सोनी सहित सैकडों की तादाद में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पूर्व सांसद स्व0 लरंगसाय की पोती ने कांग्रेस ज्वाईन किया

सरगुजा से पूर्व सांसद स्व0 लरंग साय जो काका लरंगसाय के नाम से विख्यात थे की पोती हेमा सिंह ने आज संवाद शिवर में कांग्रेस ज्वाईन किया। स्व0 लरंग साय भाजपा के टिकट से सरगुजा से सांसद रह चुके हैं। उनकी पोती हेमा सिंह पुलिस विभाग में सेवा में थीं। वहां से त्यागपत्र देकर उसने कांग्रेस ज्वाईन किया है।

CMYK

# ऑकस पनडुब्बी समझौते को ताइवान से जोड़ने की योजना पर तमतमाया ड्रैगन,अमेरिका को दी चेतावनी

**बीजिंग, 09 अप्रैल 2024।** चीन ने मंगलवार को कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच ऑकस पनडुब्बी समझौते में ताइवान को जोड़ने की जो बाइडन प्रशासन की किसी भी योजना का विरोध करेगा। बीजिंग ने कहा कि यह परमाणु प्रसार को जोखिम में डालेगा और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हथियारों की दौड़ बढ़ाएगा।



### संघर्ष को भड़का सकती है अमेरिकी अधिकारी की टिप्पणीःचीन

अमेरिकी उप विदेश मंत्री के हवाले से आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी की टिप्पणी संघर्ष की आग को भड़का सकती है और उनके इरादे दुर्भावनापूर्ण हैं। निंग ने कहा, चीन इससे संतुष्ट नहीं है और इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि इससे परमाणु प्रसार का खतरा बढ़ सकता है और एशिया प्रशांत क्षेत्र में हथियारों की होड़ बढ़ सकती है, जिससे क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता कमजोर हो सकती है। चीन इस स्व-शासित द्वीप पर दावा करता है और इसे मुख्य भूमि से जोड़ने की बात करता रहा है।

### अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने क्या दिया था बयान

अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी थिंक टैंक को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि ऑकस पनडुब्बी परियोजना ताइवान के खिलाफ चीन के किसी भी कदम को रोकने में मदद कर सकती है। कैंपबेल ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया द्वारा पनडुब्बियों (परमाणु संचालित) के अधिग्रहण से जुड़ा 2023 का ऑक्स समझौता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा था कि ताइवान और ऑकस के बीच दुर्लभ संबंध हैं, जिसमें क्रॉस जलडमरूमध्य भी शामिल है जो चीन और ताइवान को अलग करता है। उन्होंने कहा था कि नई पनडुब्बियों की क्षमताएं शांति और स्थिरता को बढ़ाएंगी।

### ताइवान चीन का अविभाज्य हिस्साः चीनी विदेश मंत्रालय

माओ निंग ने कहा कि ताइवान चीन का एक अविभाज्य हिस्सा है और यह उसका आंतरिक मामला है, जिसमें दखल देने का किसी भी बाहरी ताकत को अधिकार नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने पूछा, ताइवान को तथाकथित त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी वाली पनडुब्बी योजना से जोड़ने की कोशिश में अमेरिका का क्या इरादा है? उन्होंने कहा कि अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने की चीन इच्छाशक्ति अटूट है और किसी को भी इसे कम करने नहीं आंकना चाहिए। माओ ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया दक्षिण चीन सागर विवाद में सीधे तौर पर पक्षकार नहीं है। उन्हें बातचीत और विचार-विमर्श के जरिए मुद्दे सुलझाने के लिए संबंधित पक्षों के प्रयासों में दखल नहीं देना चाहिए।

## गोलियों की तड़तड़ाहट से फिर दहला कनाडा, गुरुद्वारा प्रमुख की गोली मारकर हत्या

**टोरंटो,09 अप्रैल 2024।** कनाडा में एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। कनाडा के दक्षिण एडमॉन्टन कार्य स्थल पर दिन के समय हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। गिल बिल्ट होम्स लिमिटेड के मालिक बूटा सिंह गिल उन दो लोगों में से एक थे, जिनकी सोमवार को एडमॉन्टन में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार रेडियो इंडिया के प्रबंध निदेशक मनिंदर सिंह गिल ने बताया कि सरबजीत सिंह, एक सिविल इंजीनियर, जिसे इस घटना में गोली लगी थी, कथित तौर पर अपने जीवन के लिए लड़ रहा है। बूटा सिंह गिल प्रमुख बिल्डर और गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के प्रमुख थे। रिपोर्ट के अनुसार मनिंदर गिल ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, जब विवाद हुआ तो निर्माण स्थल पर तीन व्यक्ति मौजूद थे, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय मूल के एक निर्माण श्रमिक ने कथित तौर पर अपनी जान लेने से पहले गिल और सिंह दोनों को गोली मार दी।

## निर्वाचन अवधि में नियमों की अनदेखी, 18 शस्त्रधारियों को कारण बताओ नोटिस जारी



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में दिनांक 16 मार्च 2024 से प्रभावशील हो गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के उपरान्त जिले में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो एवं शस्त्रों का दुरुपयोग रोके जाने के लिए जिला दण्डाधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी श्री विलास भोस्कर ने आदेश जारी कर निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिये सरगुजा जिला सीमा क्षेत्र में आग्नेय शस्त्र लाइसेंस को 7 दिवस भीतर जमा करने के निर्देश जारी किए थे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार थाना अम्बिकापुर एवं थाना गांधीनगर में शस्त्र लाइसेंस धारकों एवं शस्त्र धारियों द्वारा शस्त्र जमा नहीं कराये जाने पर 12 शस्त्रधारियों के लाइसेंस निरस्त किए जाने हेतु जिला दण्डाधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी श्री विलास भोस्कर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक सरगुजा से प्राप्त प्रतिवेदन में 06 शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण की पात्रता नहीं होने के आधार पर निरस्त किए जाने की अनुशंसा के संबंध में उक्त शस्त्र लाइसेंसधारकों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17 उपधारा(3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी के 14 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भटगांव के पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी की 14 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अजिरमा स्थित राघवपुरी वृद्धा आश्रम में किया गया। सर्वप्रथम स्व. रविशंकर त्रिपाठी के छायाचित्र पर शहर के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात रविशंकर त्रिपाठी सेवा समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उन्हें दैनिक उपयोग की सामग्री भेंट की। साथ ही बुजुर्गों को आर्थिक सहयोग के रूप में 11-11 सौ नगद राशि भी भेंट किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि रवि भैया का असमय निधन अंबिकापुर शहर ही नहीं पूरे सरगुजा के लिए अपूरणीय क्षति है। जब तक वह हम सबके साथ रहे हमेशा सरगुजा के विकास और भलाई के लिए काम किए। श्रद्धांजलि सभा में सभी ने स्व. त्रिपाठी की यादों को संजोया और आपस में बातें कर उन्हें याद करते देखे गए। सभा में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, मेजर अनिल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बलरामपुर ओमप्रकाश जायसवाल, पार्षद आलोक दुबे, अखिलेश सोनी, अंबिकेश केसरी, विवेक दुबे, विनोद चौहान, राजकुमार बंसल, मधुसूदन शुक्ला, हरविंदर सिंह, चंद्र शेखर तिवारी, विजय गुप्ता, प्रयाग साहू, वीरेंद्र बघेल, शैलू सिंह, मुकेश तिवारी, रिंकू वर्मा, विश्वविजय सिंह तोमर, विनायक पांडे, हर्ष जायसवाल, रश्मि जायसवाल, श्वेता गुप्ता, मंजूषा भगत, अंजू बख्सी सहित समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, विद्यानंद मिश्रा, राजेश कश्यप, आकाश गुप्ता, दुधनाथ गोस्वामी, विकास जायसवाल एवं शहर के अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ने छोड़ी कांग्रेस

» **पार्टी पर विचारधारा से हटने व कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का लगाया आरोप**

**- संवाददाता -**
**एमसीबी,केल्हारी 09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को नए जिले मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में एक बार फिर झटका लगा है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद अब पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने कांग्रेस के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष यादव ने कांग्रेस पर विचारधारा से हटकर व कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस से इस्तीफा दिया है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए पत्र में उन्होंने लिखा है कि मैं विगत 30 वर्षो से ज्यादा समय तक कांग्रेस का सकिय सदस्य रहा, किंतु वर्तमान में पार्टी अपनी विचारधारा से भटक गयी है, और कार्यकर्त्ताओ की अनदेखी की जा रही है। जिससे दुःखी होकर मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता के साथ-साथ सारे पदो से त्यागपत्र देता हूँ। सुभाष यादव ने इस्तीफे के पत्र की प्रतिलिपी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव को भी भेजी है। गौरतलब है कि सुभाष यादव लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय रहे है। विधानसभा चुनाव के समय भी कांग्रेस के पक्ष में जोर शोर से काम किया।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में सुबह से भक्तो का लगा रहा तांता



**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में सुबह से भक्तो का तांता लगा रहा। देवीपुर,पंपापुर महामाया जमड़ी दुर्गा मंदिर सहित माता कुदरगढ़ी धाम में दर्शन, करने भीड़ उमड़ पड़ी । वही चैत्र नवरात्र के पहले दिन पूजा अर्चना करने माता कुदरगढ़ी धाम मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी पहुंची थी।

सूरजपुर जिले के ऐतिहासिक प्राचीन कुदरगढ़ धाम में चैत्र नवरात्र के पहले दिन सरगुजा आंचल की अधिष्ठात्री देवी मां कुदरगढ़ी का दर्शन करने व पूजा अर्चना करने दूर दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं,वही छत्तीसगढ़ के महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी सुबह लगभग 5 :00 बजे माता बागेश्वरी का दर्शन कर पूजा अर्चना करने कुदरगढ़ धाम पहुंची हैं,

बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ 800 सीढ़ी चढ़कर पहाड़ पर घने जंगलों के बीच माता के मंदिर पहुंचकर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पूजा अर्चना की,जहां पहली बार माता बागेश्वरी स्वर्ण मुख व छत्र के साथ भक्तों को दर्शन दे रही हैं । कुदरगढ़ लोकन्यास ट्रस्ट को दान में मिले स्वर्ण आभूषणों से ट्रस्ट व जिला प्रशासन की पहल पर मां का स्वर्ण मुख तैयार कर स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया है,जिनके दर्शन करने जिला ही नहीं दूर-दराज से अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में भक्तों का जनसंख्या पहुंच रहा है,चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज मंगलवार से ही 15 दिनों तक चलने वाला मेला की शुरुआत हो गई है।

## निरीक्षण के दौरान आईजी ने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सुनी समस्याएं

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

आईजी अंकित गर्ग ने मंगलवार को रक्षित केन्द्र का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने रक्षित केंद्र में परेड कि सलामी ली। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षक दौरान आईजी ने प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारियों के टर्नआउट का निरीक्षण एवं टोलीवार परेड कराया गया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। परेड निरीक्षण के दौरान उन्होंने किट सामाग्रियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने वाहन शाखा का भी निरीक्षण किया। जिसमें शासकीय वाहनों की स्तिथि, रख रखाव एवं लाक बुक सहित उनके दस्तावेजों का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान रिकॉर्ड संधारण में त्रुटियां, कमियां पाए जाने पर वाहन शाखा प्रभारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि यथाशीघ्र रिकॉर्ड संधारित करें। बीपी वाहन एवं



जैमर वाहन सहित अन्य मौजूद वाहनों को सही हालत में रखने हेतु रक्षित निरीक्षक एवं वाहन शाखा प्रभारी को सख्त निर्देश दिए। आईजी ने स्टोर शाखा, आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण किया और हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ-सफाई व मेंटेन रखने के निर्देश दिए। रक्षित केंद्र में जवानों के वेल फेयर हेतु संचालित पुलिस यूनिट बैंक द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार समय-समय पर लाभ पहुंचाने के संबंध में रक्षित निरीक्षक को दिशा निर्देश दिए। दरबार में अधिकारी, कर्मचारियों से रूबरू होते हुए सुनी गई उनकी समस्या रक्षित केंद्र में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों से रूबरू होते हुए रेंज आईजी द्वारा उनके समस्याएं सुनी गई। जिस दौरान अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दरबार में अपने प्रमोशन, स्थानांतरण, मेडिकल निकाल, आवास जैसे अपनी समस्याओं को पेश किया। उनके समस्या का निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए। दरबार के दौरान रेंज आईजी द्वारा अपने उदबोधन मे अधिकारी, कर्मचारियों को जनता के बीच संवेदनशील रहकर कार्य करने की नसीहत दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो,सीएसपी रोहित कुमार शाह, प्रशिक्षु डीएसपी शुभम तिवारी, एसडीओपी अमित पटेल, एसडीओपी सीतापुर राजेंद्र मंडावी,रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत सहित समस्त थाना, चौकी प्रभारी एवं आईजी स्टेनो पुस्पेंद्र शर्मा, रीडर सुभाष ठाकुर उपस्थित थे।

## ओम सोनी ने जर्मनी के विश्वविद्यालय में वित्तपोषित स्नातकोत्तर सीट की हासिल

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के प्रतिभाशाली छात्र ओम सोनी ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने जर्मनी के एक विश्वविद्यालय में वित्तपोषित स्नातकोत्तर सीट हासिल की है। विश्वविद्यालय यात्रा और स्वास्थ्य बीमा, रहने और भोजन सहित सभी खर्चों को वहन कर रहा है। ओम सोनी शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर से हिंदी माध्यम में 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने 2018 से 2022 तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय



रायपुर परिसर, राजमोहिनी देवी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन अंबिकापुर में स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद जर्मनी के एक विश्वविद्यालय में पूरी तरह से वित्तपोषित स्नातकोत्तर सीट हासिल कर ली। विश्वविद्यालय यात्रा और स्वास्थ्य बीमा, रहने और भोजन सहित सभी खर्चों को वहन कर रहा है। ओम ने 2023 में आईईएलटीएस परीक्षा पास की थी। ओम का लक्ष्य पीएचडी करना और शोध करना है। वह भारत वापस आना चाहते हैं और उन्हें सीमांत किसानों की मदद करने और प्रौद्योगिकी को भारत वापस स्थानांतरित करने का शौक है। ओम अपने प्रोफेसरों, विशेषकर आरएमडी कार्स के डीन के प्रति उनके अटूट समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। वह अपनी यात्रा के दौरान अपने माता-पिता और दोस्तों के अमूल्य प्रोत्साहन और समर्थन को भी स्वीकार करते हैं।

# क्या सांसद प्रतिनिधी व कोरिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपनी खाली जमीन तक सीसी सड़क बनवाने में दिखाई जल्दबाजी ?... कई गांव में अभी भी सड़क विहीन!

» **क्या कोरिया में भी सांसद प्रतिनिधी ने की डीएमएफ मद में मनमानी ?**

» **सांसद ज्योत्सना महंत के प्रतिनिधी की सड़क बन गई पर सड़क विहीन गाँव की सड़क कब बनेगी ?**

**- रवि सिंह -**
**कोरिया,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**







पिछली भूपेश सरकार में प्रदेश में जिला खनिज संसाधन न्यास के मद के पैसे का जमकर दूरूपयोग किया गया,कांग्रेसियो के ईशारे पर कुर्सी मे बैठे अधिकारियों ने नियम कानून को ताक पर रखकर कांग्रेसियों को उपकृत किया,उनके ईशारे पर काम स्वीकृत किये गए, कोरिया जिले में एक और नजारा देखने को मिला जब यहां के वर्तमान जिलाध्यक्ष और सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के प्रतिनिधी प्रदीप गुप्ता ने मनमानी करते हुए अपनी निजी जमीन तक ही सड़क का निर्माण करा दिया जबकि आज भी कई ऐसे गांव हैं जहां के ग्रामीण सड़को का इंतजार कर रहे हैं। यह कार्य देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सत्ता के दम पर कांग्रेसी नेताओं ने किस प्रकार काम किया जनसुविधाओं से बेफिक्र कांग्रेसियों का यह कारनामा जनता के बीच भी लाया जाना अति आवश्यक है। ज्ञात हो कि सासंद प्रतिनिधी प्रदीप गुप्ता जिन्हे कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का करीबी और कृपापात्र बतलाया जाता है उनकी कृपा से ही प्रदीप गुप्ता को कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया गया जबकि प्रदीप गुप्ता की गिनती भी जनाधारविहीन नेता के रूप में की जाती है।

### अपने रिक्त जमीन तक बनवा लिया डीएमएफ से सड़क

कोरिया के सांसद प्रतिनिधी प्रदीप गुप्ता पर आरोप है कि उनके द्वारा जिला मुख्यालय से लगे ग्राम भांड़ी में अपने रिक्त जमीन तक जिला खजिन मद से 15.05 लाख की लागत से वर्ष 2020 में सीसी सड़क स्वीकृत कराया गया था और उक्त कार्य 2021 में पूर्ण भी हो गया। भांडी हरिजनपारा एनएच 43 से प्रकाश तिवारी के घर से प्रदीप गुप्ता के घर तक सीसी सड़क का निर्माण के नाम पर कार्य की स्वीकृति दी गई है जबकि उक्त स्थल पर सिर्फ सांसद प्रतिनिधी का रिक्त भूखंड है जहां उनके द्वारा खेतीबाड़ी का काम किया जाता है। बतलाया जाता है कि प्रदीप गुप्ता द्वारा पूर्व में डॉ. चरणदास महंत के मद से अपनी सड़क तक बिजली लाईन एवं बोरिंग इत्यादि का काम कराकर व्यक्तिगत लाभ लिया गया है।

### कई गांव में नही है अंदरूनी सड़क लेकिन कांग्रेसी लाभ में आगे

जिले के कई ऐसे गांव हैं जहां पर अंदरूनी सड़को का निर्माण आज तक नही हो सका है,पिछले पांच वर्ष तक जिम्मेदार पदों पद बैठे कांग्रेसियों ने डीएमएफ से मनमाफिक कार्य कराय खुद के हित पर भी उन्होने पूरा ध्यान दिया आवश्यकता नही होने के बावजूद भी निर्माण कार्य कराये गए,सांसद प्रतिनिधी प्रदीप गुप्ता के द्वारा खुद के रिक्त भूखंड तक बनवाया गया सीसी सड़क इसका जीता जागता उदाहरण है। सत्ता के नशे मे मदमस्त रहे कांग्रेसियो को जनता की कोई फिक्र नही थी उन्होने सिर्फ और सिर्फ स्वहित देखा और अधिकारियों ने भी उनका साथ दिया।

# गजब की अधिकारी...स्थानांतरण के बाद 15 मार्च को हो गईं थीं भारमुक्त...

# भारमुक्त होने के बाद भी 19 मार्च को एक प्रकरण में उन्होंने कर दिया आदेश !

## राजस्व अधिकारी का तबादला कोरबा से हुआ है कोंडागांव,कोंडागांव के लिए की जा चूंकि हैं भारमुक्त


### राजस्व अधिकारी कांग्रेस शासनकाल में रह चुकी हैं कांग्रेस नेताओं की खास,करती रही हैं मनमानी

» भाजपा शासनकाल में भी मनमानी जारी रखने की उनकी कवायद है जारी

- राजा मुखर्जी-

कोरबा,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। कोरबा जिले के राजस्व विभाग से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है, खबर महिला राजस्व अधिकारी से जुड़ी हुई है जो अपनी मनमानियों से बाज नहीं आ रही हैं और कांग्रेस शासनकाल में उनकी जैसी मनमानी जारी थी वह उसी तरह की ही मनमानी कर भाजपा शासनकाल में भी अब अपनी ही जिद से चलना चाह रही हैं और राजस्व विभाग जिसके कारण कहीं न कहीं बदनाम हो रहा है।

बता दें की कोरबा जिले में पदस्थ रह चुकी डिप्टी कलेक्टर साथ ही कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिनका मार्च माह में कोरबा जिले से कोंडागांव जिले के लिए तबादला कर दिया गया था वहीं जिन्हे विभाग द्वारा 15 मार्च को ही जिले से भारमुक्त कर दिया गया था की एक नई मनमानी सामने आई है जिसमे उन्होंने 19 मार्च को एक आदेश जारी कर दिया है वह भी बतौर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा की हैसियत से जबकि उन्हे कार्यालय कलेक्टर कोरबा द्वारा 15 मार्च को ही नई पदस्थापना के लिए कोंडागांव जिले के लिए भारमुक्त कर दिया गया है। पूरे मामले में प्रथम दृष्टया जारी आदेश को जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा की हैसियत से स्थांतरित डिप्टी कलेक्टर ने जारी किया है को देखकर यही कहा जा सकता है की यह कहीं न कहीं बड़ी मनमानी है और यह शासन से जारी तबादला आदेश की अवहेलना है साथ ही कार्यालय कलेक्टर कोरबा के उस आदेश की भी अवहेलना है जिसके तहत डिप्टी कलेक्टर साथ ही कटघोरा की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वह भी वह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिनका तबादला कोंडागांव किया गया है को जिले से भारमुक्त किया है।



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, कोरबा (छ०ग०)

//आदेश//

क्रमांक/ 249 /स्टेनो/2024 कोरबा, दिनांक :15 /03/2024

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर का आदेश क्रमांक/बी-1-1/2024/एक/4 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 12.03.2024 द्वारा श्रीमती ऋचा सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोरबा को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त डिप्टी कलेक्टर, कोण्डागांव के पद पर पदस्थ किया गया है।

अतः उक्त आदेश के परिपालन में श्रीमती ऋचा सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोरबा को उनकी नवीन पदस्थापना कार्यालय कलेक्टर, जिला कोण्डागांव के लिए आज दिनांक 15.03.2024 को अपरान्ह इस जिला से भारमुक्त किया जाता है।


यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
कोरबा(छत्तीसगढ़)

पृ.क्रमांक/ 250 /स्टेनो/2024 कोरबा, दिनांक :15/03/2024

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. आयुक्त, बिलासपुर संभाग बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. कलेक्टर, जिला कोण्डागांव (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी..........................जिला कोरबा को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा/कटघोरा/पोड़ी उपरोड़ा/पाली को सूचनार्थ प्रेषित।
7. श्रीमती ऋचा सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोरबा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
8. जिला कोषालय अधिकारी कोरबा/कोण्डागांव को सूचनार्थ प्रेषित।
9. उपसंचालक, जनसंपर्क विभाग कोरबा को सूचनार्थ प्रेषित।
10. सर्व संबंधित..........................को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कलेक्टर द्वारा भारमुक्त करने का आदेश



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) कटघोरा, जिला-कोरबा(छ.ग.)

//ज्ञापन//

क्रमांक/1649 /अ0वि0अ0/वाचक-1/2024 कटघोरा, दिनांक 19 /03/24

प्रति,
हल्का पटवारी,
प0ह0नं0 51, तहसील-दीपका,
जिला-कोरबा(छ.ग.)

विषय :- अभिलेख दुरूस्ती करने बाबत्।

—00—

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202403050200018/अ-6(अ)/2023-24 आदेश दिनांक 11.03.2024 अनुसार ग्राम-रलिया, प0ह0नं0 51, तहसील-दीपका स्थित खातेदार इतवार पिता अन्द्राम की भूमि ख0नं0 960/8 का रकबा 0.001 हे. भूमि को सुधार कर रकबा 0.085 हे. भूमि दुरूस्त किये जाने का आदेश पारित गया है।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि उक्त आदेशानुसार अभिलेख दुरूस्त कर पालन प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
कटघोरा, जिला-कोरबा(छ.ग.)

पृ. क्रमांक/ 1650 /अ0वि0अ0/वाचक-1/2024 कटघोरा, दिनांक 19 /03/24

प्रतिलिपिः-
1. महाप्रबंधक, एस.ई.सी.एल. गेवरा, जिला-कोरबा(छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. आवेदक श्री नंदकुमार पिता इतवार, निवासी रलिया, तहसील दीपका, जिला-कोरबा(छ.ग.) को सूचनार्थ।

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
कटघोरा, जिला-कोरबा(छ.ग.)

भारमुक्त के बाद भी आदेश पर किया हस्ताक्षर

### क्या कार्यालय कलेक्टर कोरबा द्वारा डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह को भारमुक्त करने का जारी आदेश दिखावा मात्र रह गया?

अब इसमें यह भी एक पक्ष या मामला हो सकता है की कार्यालय कलेक्टर कोरबा द्वारा डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह को भारमुक्त करने का जारी आदेश दिखावा मात्र हो और भारमुक्त करने का दिखावा करके शासन के आदेश को ही अमान्य किया गया हो जबकि डिप्टी कलेक्टर भारमुक्त होकर भी कटघोरा की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बनी हुई हों,वहीं एक पक्ष या मामला यह भी हो सकता है की भारमुक्त होकर भी वह पुराने मामले निपटाने में लगी हुई हों और जिसके तहत ही उन्होंने भारमुक्त तिथि के बाद भी आदेश जारी कर दिया है।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा जिला कोरबा की हैसियत से डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह जिनका तबादला कोंडागांव किया गया है और कलेक्टर कार्यालय ने भारमुक्त भी कर दिया है ने एक पटवारी को आदेशित किया है जिसमे एक भूमि का रकबा दुरुस्त करने का उन्होंने आदेश जारी किया है। अब भारमुक्त होकर वह या तो अभी भी कटघोरा की एस डी एम हैं या वह मनमानी के तहत आदेश जारी कर रही हैं जो उनकी पुरानी आदत रही है।



घटती घटना | -कोरबा-सूरजपुर-समाचार | अम्बिकापुर ,गुरुवार 21 मार्च 2024 | 6

क्या डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह की मनमानी भाजपा शासनकाल में भी जारी?

### जहां जहां कार्य कर चुकी हैं उक्त महिला राजस्व अधिकारी,वहां-वहां मनमानी का उनका रहा है इतिहास

कोरबा जिले की जिस महिला राजस्व अधिकारी को लेकर यह मामला समाने आया है वह अपने नौकरी के आरंभ काल से ही अपनी मनमानी के लिए प्रसिद्ध रही हैं,वह जहां जहां कार्य कर चुकी हैं वहां वहां वह अपनी दोषपूर्ण कार्यप्रणालियों को लेकर सुर्खियों में ही रही हैं। राजस्व मामलों में उनकी मनमानी हर जगह देखने को मिली है। सरगुजा संभाग में वह जहां जहां रहीं वहां वहां लोग राजस्व मामलों में परेशान ही रहे वहीं अब कोरबा जिले में भी अपनी मनमानी कायम रखे हुए हैं जो देखने को मिल रहा है।

### कांग्रेस शासनकाल में कांग्रेस विधायक की थीं खास,उनके कारण सांसद की भी थीं करीबी,इसीलिए कोरबा में मिला था उन्हे कार्य करने का मौका

महिला राजस्व अधिकारी कांग्रेस शासनकाल में कोरिया जिले की एक विधायक की करीबी थीं वहीं उनके प्रभाव के कारण वह कांग्रेस शासनकाल में अपनी मनमानियों के लिए काफी प्रसिद्ध थीं,तब वह राजस्व प्रकरणों में फरियादियों को लगातार परेशान किया करती थीं जिसके कारण उनकी कई बार शिकायत भी हुई वहीं उनके कार्यकाल में तब भूमाफिया भी काफी फले फूले,अपने रिश्तेदारों के नाम से भी उन्होंने कई जगह जमीन बनाई यह भी उनके ऊपर आरोप लगा। वही कांग्रेस की महिला विधायक के साथ घनिष्ठता की वजह से उनकी पहचान और घनिष्ठता तब महिला सांसद से भी हुई और इसलिए उन्हे कोरबा जिले में पदस्थापना मिली यह माना जाता है।सत्ता परिवर्तन के बाद अब वह भाजपा शासनकाल में भी मनमानी करती नजर आ रही हैं । वैसे तब उनके कारण कांग्रेस विधायक और सांसद की भी आलोचना हुई थी और ऐसा ही रहा तो अब भाजपा नेताओं की भी आलोचना होगी क्योंकि महिला राजस्व अधिकारी राजस्व मामलों में काफी शातिर तरीके से काम करने में माहिर हैं और फरियादियों को परेशान करना राजस्व मामलों के उनकी आदत रही है।

### क्या जिला निर्वाचन व राज्य निर्वाचन अधिकारी देंगे इस पर ध्यान?

पूरे मामले में सबसे बड़ी बात यह है की यह महिला राजस्व अधिकारी चुनाव आयोग के ही आदेश को चुनौती दे रही है वहीं यह चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत जारी तबादला आदेश की अवहेलना कर रही है। बता दें की महिला राजस्व अधिकारी ऋचा सिंह का तबादला चुनाव आयोग के निर्देश के तहत हुआ है और वह उसके बाद भी कोरबा जिला नहीं छोड़ना चाहती हैं क्योंकि उनकी पदस्थापना कोरबा जिले में वर्तमान सांसद के प्रयासों से कोरिया जिले की पूर्व कांग्रेस विधायक के कहने पर हुआ था और वर्तमान में वही सांसद कांग्रेस प्रत्याशी भी हैं। बताया जा रहा है की पूर्व कांग्रेस विधायक जिनसे महिला राजस्व अधिकारी को घनिष्ठता थी के एहसान जो उनकी तब पदस्थापना को लेकर उन्होंने की थी को राजस्व अधिकारी उतारना चाहती हैं और कांग्रेस की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी की वह मदद करना चाहती हैं इसलिए वह कोरबा जिला नहीं छोड़ना चाहती हैं। अब निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन आयोग इस मामले में क्या निर्णय लेंगे क्या वह महिला राजस्व अधिकारी को कोंडागांव भेजने तत्परता दिखायेंगे यह देखने वाली बात होगी।

### कोरबा ना छोड़ना पड़े इसके लिए हो रहा पूरा प्रयास राजनीतिक पैरवी भी जारी

कोरबा से महिला राजस्व अधिकारी ऋचा सिंह नहीं जाना चाहती हैं,वह पूरी पैरवी करा रही हैं जिससे उन्हे कोरबा न छोड़ना पड़े। वैसे फिलहाल वह भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं और उन्हे प्रभाव और झांसे में वह लेने का प्रयास कर रही हैं जबकि उनको लेकर यह सर्वविदित है की वह कांग्रेस पार्टी की मानसिकता से प्रेरित रही हैं जो कांग्रेस शासनकाल में लगातार देखने को मिला था और तब उन्हे कांग्रेस नेताओं का काफी संरक्षण भी मिला करता था वहीं कई शिकायत और कई गंभीर आरोपों साथ ही जांच के बावजूद उनकी पदोन्नति भी कांग्रेस शासनकाल में ही संभव हुई थी जो शायद नियम से होनी नहीं थी जब तक जांच संस्थित थी। वैसे इनकी पदोनत्ती काफी गोपनीय तरीके से हुई कांग्रेस शासनकाल में और मामले को इसलिए छिपाया गया क्योंकि तब महिला अधिकारी कई गभीर आरोपों से घिरी हुई थीं।

### पति को भी सूरजपुर से बुलाया गया कोरबा लेकिन खुद का हो गया कोरबा से स्थानांतरण

महिला राजस्व अधिकारी के पति पंचायत सेवा में अधिकारी हैं। महिला राजस्व अधिकारी के मामले में आरंभ से देखने को मिला की उनके पति को उनके कारण अपना तबादला वहां वहां कराना पड़ा जहां जहां महिला राजस्व अधिकारी की पोस्टिंग होती रही। वैसे शासकीय सेवा में पति-पत्नी दोनो के ही सेवा में रहने के मामले में यह देखने को प्राय: मिलता रहा है की पति के कार्यस्थल पर पत्नी के तबादले के लिए आवेदन लगाते हैं शासकीय सेवक पति-पत्नी,वहीं महिला राजस्व अधिकारी जिनकी बात यहां हो रही है इनके मामले में हमेशा इनके पति को ही अपना तबादला कराना पड़ा है इनके पदस्थ जिले में। वैसे आम कर्मचारियों के लिए जो नियम है उसमे पति के पदीय स्थल के आसपास पत्नी को पदस्थ किया जाता रहा है वहीं इनके मामले में इनके पति इनके पदीय स्थल जाने मजबूर रहते देखे गए हैं। इस बार भी इनके पति कोरबा तबादला कराकर पहुंचे लेकिन तब तक इनका ही तबादला कोंडागांव हो गया वहीं यदि यह कोंडागांव गई इनके पति को फिर आवेदन देना होगा और कोंडागांव जाना होगा।

# जगजीवन उईके ने अवैध सट्टा कारोबारी पर कार्यवाही करने की मांग की

- संवाददाता -

मनेद्रगढ़,09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। जिला एमसीबी मनेद्रगढ़ में सट्टे का कारोबार कई सालों से फल फूल रहा है जिनकी जानकारी पुलिस प्रशासन के अलावा शहर के लगभग-लगभग सभी को है। क्योंकि इस लालच के खेल में बताया जाता है। गरीब अपनी मेहनत की कमाई लालच के करण बर्बाद कर रहे हैं, युवा बेरोजगारों भी भी सट्टे की लत लग चुकी है, पूर्व में पत्ती काटने वाले को तो गिरफ्तार किया गया।

परंतु असली खाईवाल पुलिस के हत्थे नहीं आया है जिसे लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जगजीवन सिंह उईके जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा एमसीबी ने जिला पुलिस अधिक्षक कार्यालय में अवैध सट्टा संचालक खाईवाल पर कार्यवाही करने के लिए दिया शिकायत पत्र। जगजीवन ने बताया शहर में चल रहा सट्टे का अवैध कारोबार पर अंकुश एवं खाईवाल पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई है। खुलेआम चल रहा सट्टे का कारेबार सट्टा बाजार आज कल कानून की डील पकड की वजह से खाईवाल के संरक्षण में खुले आम संचालित हो रहा है, ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है। उससे यही प्रतित होता है, कि प्रमुख खाईवाल पंकज गुप्ता ग्राम पंचायत चनवारीडांड में रहता है। कानून का कोई खौफ नहीं है। मनेन्द्रगढ़ और झगराखाण्ड थाना क्षेत्र में इस खेल के बढ़ते कारोबार का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि महिलायें और बच्चे भी दिन रात अंको के जाल में उलझे रहते हैं। प्रमुख खाईवाल के ऐजेन्ट जो पट्टी काटते हैं, प्रायः हर गली मोहल्ले में असानी से नजर आते हैं। इसमें से कुछ आदतन किस्म के लोग मनेन्द्रगढ़ में नई सब्जि गंडी, मौहारपारा,नदीपार बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन आमाखेरवा सिविल लाईन, सांई बाबा तिराहा एवं जे. के. डी. रोड ओवर ब्रिज के पास तथा झगराखाण्ड क्षेत्र में बस स्टेण्ड, आटो स्टेण्ड के पास रावण दहन ग्राऊण्ड एक न. दफाई लेदरी में पुराना थाना के पीछे जी.एम. ऑफिस के पास, जिला कलेक्टर कार्यालय रोड अरूण दाबा चन्दन होटल के पास सहित अन्य क्षेत्रों में खुले आम पट्टी काटकर एवं मोबाईल के माध्यम से भी इस अवैध कारोबार को संचालित कर लोगों की गाढी कमाई पर डांका डाल रहे हैं। जिसकी जानकारी शायद पुलिस को छोड़कर सभी को है। गरीब बेरोजगार युवाओं को मोटे कमीशन का लालच देकर इस अवैध कारोबार में उतारा जा रहा है। आगे चलकर यही युवा अपराधी की ओर अग्रसर हो जाते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक से अनुरोध है इस कारोबार को रोककर प्रमुख के खिलाफ कार्यवाही करें जिससे युवा वर्ग को अवैध सट्टा की लत से छुटकारा मिले।



गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी

पंजीयन क्रमांक-56/107/91

गोण्डवाना रत्न दादा हीरा सिंह मरकाम संस्थापक | तिरु. हिरेन्द्र सिंह मार्को प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा छ0ग0 | तिरु. जगजीवन सिंह उइके जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा एम.सी.बी. ग्राम भंवर गढ़ा, पो0 कठौतिया जिला एम.सी.बी. (छ0ग0) पिन नं0 497442 मो0 नं0 -9644588226

क्रमांक- दिनांक-09/04/2024

सेवा में,
श्रीमान जिला पुलिस अधिक्षक महोदय, जिला एम0सी0बी0 (छ0ग0)

विषय-शहर में चल रहा सट्टे का अवैध कारोबार पर अंकुश एवं खाईवाल पर सख्त कार्यवाही करने हेतु।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि मनेन्द्रगढ़ खुलेआम चल रहा सट्टे का कारोबार सट्टा बाजार आज कल कानून की ढील पकड़ की वजह से खाईवाल के संरक्षण में खुले आम संचालित हो रहा है, ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है। उससे यही प्रतित होता है, कि प्रमुख खाईवाल पंकज गुप्ता ग्राम पंचायत चनवारीडांड में रहता है। को कानून का कोई खौफ नहीं है। मनेन्द्रगढ़ और झगराखाण्ड थाना क्षेत्र में इस खेल के बढ़ते कारोबार का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है। कि महिलायें और बच्चे भी दिन रात अंको के जाल में उलझे रहते हैं। प्रमुख खाईवाल के ऐजेन्ट जो पट्टी काटते हैं, प्रायः हर गली मोहल्ले में असानी से नजर आते हैं। इसमें से कुछ आदतन किस्म के लोग मनेन्द्रगढ़ में नई सब्जि मंडी मौहारपारा, नदीपार बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन आमाखेरवा सिविल लाईन, सांई बाबा तिराहा एवं जे0 के0 डी0 रोड ओवर ब्रिज के पास तथा झगराखाण्ड क्षेत्र में बस स्टेण्ड, आटो स्टेण्ड के पास रावण दहन ग्राउण्ड एक नं0 दफाई लेदरी में पुराना थाना के पीछे जी. एम. ऑफिस के पास, जिला कलेक्टर कार्यालय रोड अरूण ढाबा चन्दन होटल के पास सहित अन्य क्षेत्रों में खुले आम पट्टी काटकर एवं मोबाईल के माध्यम से भी इस अवैध कारोबार को संचालित कर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डांका डाल रहे हैं। जिसकी जानकारी शायद पुलिस को छोड़कर सभी को है, सट्टा के हिसाब किताब की जगाह बार-बार बदलकर प्रमुख खाईवाल अपने होसियारी का भी परिचय देने की कोशिश करते है। गरीब बेरोजगार युवाओं को मोटे कमीशन का लालच देकर इस अवैध कारोबार में उतारा जा रहा है। आगे चलकर यही युवा अपराधी की ओर अग्रसर हो जाते हैं।

अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि इस कारोबार को रोककर प्रमुख के खिलाफ कार्यवाही करने की कृपा करें।

आवेदक



# पार्क परिक्षेत्र में जंगल के गिट्टी से बन रहा स्टांप डेम... क्या गिट्टी का बिल लगेगा किसी क्रेशर का....आखिर ऐसे भ्रष्टाचार को किसका संरक्षण?





## पहले जेसीबी से जंगल उजाड़ने का विडियो फोटो आया सामने,अब जंगल का गिट्टी तोड़वा कर स्टांप डेम में उपयोग करने का विडियो आया

» रेहण्ड पार्क परिक्षेत्र महुली रेंज के रेंजर की मनमानी,क्या होगी जांच व कार्यवाही?

- रवि सिंह -

कोरिया/सुरजपुर, 09 अप्रैल 2024 (घटती-घटना) लोकसभा चुनाव सामने और पूरा प्रशासन चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में लगा हुआ है वहीं पार्क परिक्षेत्र में आचार संहिता के दौरान भ्रष्टाचार का खेल भी खेला जा रहा है, आखिर किसके संरक्षण पर हो रहा है यह काम यह भी सोचनी विषय है? चांदनी बीहारपुर क्षेत्र के रेहण्ड जंगल गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र महुली से एक विडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे पार्क क्षेत्र में निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार,व अनियमितता करते हुए शासन के राशि का बंदरबांट किया जाता है।

आप को बता दें कि वन विभाग के पार्क परिक्षेत्र में शासन द्वारा बीना रोक टोक के हर वर्ष भारी भरकम राशि आवंटित किया जाता है। शासन का इन क्षेत्रों में राशि आवंटित करने का मूल उद्देश्य जंगलों में जानवरों के लिए, तालाब निर्माण, रपटा, तालाब निर्माण व खाने पिने इत्यादि में खर्च करने के लिए राशि आवंटित किया जाता है। लेकिन इन राशियों को जानवरों पर खर्च न कर अधिकारी अपनी कमाई का जरिया बना लेते हैं और अपनी संपत्ति अर्जित करते हुए मस्त रहते हैं, इस विभाग के लगभग काम सिर्फ दिखवा और पैसा कामने के लिए किया जाता है।

### निर्माण कार्य में जंगली गिट्टी किसके आदेश पर

रेहण्ड जंगल के पार्क परिक्षेत्र महुली में स्टांप डेम निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है यह तो विडियो में साफ जाहिर है,इस निर्माण कार्य में घटिया व कम मात्रा में सीमेंट,व जंगल के गिट्टी का उपयोग कर कार्य कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य में इतनी बड़ी अनियमितता व भ्रष्टाचार करने विभाग में किसने आदेश दिया है है यह बड़ा सवाल है क्या जंगलों के सभी पक्के निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार होता है। इस खबर से यह स्पष्ट हो गया है कि रेहण्ड जंगल में हुए हर कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है ।जो कि जांच का विषय है और इन क्षेत्रों में हुए कार्य को बारीकी से जांच कर पैसा रोकते हुए रेंजर पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। जानकारी के अनुसार पार्क परिक्षेत्र रामगढ़ रेंजर का प्रभार मिलते ही ललित साय पैकरा यहां भी मनमानी कर रहे हैं,कुर्थी जंगल के लोटा बुड़ा नाले में स्टांप डेम निर्माण में भी जंगल के गिट्टी से स्टाप डेम बनवा दिया है। जहां क्रेशर का गिट्टी उपयोग करना था ऐसे में निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार करना रेंजर की मंशा है यह साफ जाहिर होता है।

### आग और तस्कर कब होंगे काबू?

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान रेहण्ड पार्क परिक्षेत्र महुली के जंगल में आग लगने व इमारती लकड़ी की तस्करी की खबर सूत्रों के आधार पर मिल रही है क्या इन मामलों पर लगाम लगाने में विभाग सफल होगा या इन घटनाओं पर भी काबू पाने में मस्क़त करेंगे। आगे जो भी हो परन्तु विभाग को इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए जांच व बड़ी कार्रवाई की जरूरत है।



घटती घटना | कोरिया-एमसीबी सरगुजा-समाचार

रेहण्ड पार्क रेंजर ने जेसीबी लगा सैकड़ों इमारती पेड़ क्यों करवाया नष्ट?

रेहण्ड पार्क महुली से लकड़ी तस्करी भी जोरो पर:सूत्र

क्या इन कार्यों में वन विभाग के मगरमच्छ का भी है हाथ?

### जंगल का दोहन कोई बहार का नही विभाग के लोग ही कर रहे

आखिर जंगलों के रक्षक बने अधिकारी कर्मचारी लगातार जंगल उजाड़ने में क्यों तुले हैं बड़ा सवाल है? क्या जंगलों को पुरा उजाड़कर ही संतुष्ट होंगे अधिकारी या ऐसे भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई भी होगी? पहले एक विडियो सामने आया था जिसमें जेसीबी मशीन लगा कर बकायदा साल व तेंदू के हजारों इमारती पेड़ों को उजाड़ना सिद्ध हो गया है, जिसे लेकर क्षेत्र में ग्रामीण भारी नाराज हैं। अब रेहण्ड जंगल के महुली रेंज में जंगल में बन रहे स्टांप डेम निर्माण कार्य में जंगल से तोड़वा कर बकायदा रेंजर ललित साय पैकरा व डीप्टी रेंजर बीट गार्ड द्वारा लोकल जंगल के गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे में साफ जाहिर होता है कि रेंजर ललित साय पैकरा किस कदर रेहण्ड जंगल को उजाड़ने की मंशा बनाए हुए हैं। वैसे भी यह बात स्पष्ट है कि रेंजर अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर जंगल के संपत्ति का दोहन कर रहे हैं। ऐसे में इनपर विभाग के बड़े अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं देखने वाली बात होगी।

# खडगवा जनपद पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्यो मे खुलेआम अनियमिता हो रही...

**- राजेन्द्र शर्मा -**
**खडगवा,09 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

जनपद पंचायत खडगवा के विभिन्न ग्राम पंचायतो मे जो बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र एवं मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आते हैं।

ऐसा ही मनरेगा से संबंधित चेकर टाइल्स सड़क निर्माण रिटर्निंग वाल पुलिया निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों में रोजगार गारंटी योजना से निर्माण कार्य हुए हैं। जिसमें मोहल्ला वासियों के द्वारा चेकर टाइल्स सड़क निर्माण रिटर्निंग वाल पुलिया निर्माण सटाप डेम कार्य गुणवत्ता विहीन और घटिया समाग्री से निर्माण कार्य कराया जाने को लेकर मोहल्ला वासियों को इस तरह घटिया निर्माण कार्य पर आपत्ति भी कि थी।

मोहल्ले वासीयों की वषों से मांग पूरी हुई है और निर्माण कार्य अच्छे गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया जा रहा है और मनरेगा के तहत रोजगार गारंटी योजना से चकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा मुंशी से ही कार्य को कराया गया है इस विभिन्न निर्माण कार्यो के गुणवत्ता विहीन कराये जाने का विरोध मोहल्ले वासी कर रहे थे।

रोजगार गारंटी योजना के निर्माण कार्यो को अधिकारियों के संरक्षण में ठेकेदारी से निर्माण कार्य कराया जा रहे है

» **मनरेगा के निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी तो सिर्फ मूकदर्शक है...**

» **खुलेआम हो रही है मनरेगा में ठेकदारी जिसमें गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य हो रहे हैं...**

» **ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी का पूरा संरक्षण होने के कारण मनरेगा में रोजगार गारंटी योजना के निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों में ठेकेदारी धड़ल्ले से जारी है...**

» **क्या ग्रामीणों के विरोध के बाद अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को सथल निरीक्षण करना चाहिए की इनके मातहतों को स्थल निरीक्षण पर जाना उचित है?**



## ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी और मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में ही बैठे नजर आते है?

इस का जिता जगता उदाहरण है कई ग्राम पंचायत के गुणवत्ता विहीन और घटिया निर्माण कार्य का होना लाखों रुपये की लागत कि पुलिया सी सी सडक रिटर्निंग वाल भवन आदि का ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सथल का निरीक्षण करने सथल पर जाते ही नहीं है वो कार्यालय में बैठ कर निर्माण कार्य का इसटीमेट तैयार करते हैं।

ऐसा ही एक मामला कुछ दिनो पूर्व पोडी ग्राम पंचायत में भी हुआ जहां पर समतल भूमि पर पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे जाच के पश्चात रोका गया अधिकारी सिर्फ कागजों में ही क्षेत्र के निर्माण कार्यो को देख रहे हैं ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी तो कार्यालय में ही बैठे नजर आते हैं उन्हें क्षेत्र मे चल रहे निर्माण कार्यो की निरीक्षण करने की फुर्सत ही नहीं है?

मोहल्ले वासियों ने बताया कि इस तरह के निर्माण कार्यो में लेबर मिस्त्री भी बाहर के रह रहे है। जबकि मनरेगा से हो रहे निर्माण कार्यों में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना है मगर विभिन्न ग्राम पंचायतों में रोजगार गारंटी योजना में ठेकेदारी इस कदर हावी है कि ग्रामीणों के विरोध के बाद भी निर्माण कार्य धड़ल्ले से ठेकेदारी से किए जा रहे हैं। इन सब की जानकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के इंजिनियर एसडीओ मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी सब होने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है इसमें इनको भी लक्ष्मी जी का प्रसाद प्राप्त बडी मात्रा में होता है।

विभिन्न ग्राम पंचायतों में ठेकदारी से चेकर टाइल्स सड़क का गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया गया है। जिसके स्थल कि जांच आज हो जाएं तो गुणवत्ता का सारा राज खुल जाएगा उसके बाद भी अधिकारीयों के द्वारा निर्माण सथल की जांच करने की जरूरत नहीं समझी गई और ठेकेदार मनरेगा के सारे नियम कानून को दरकिनार कर निर्माण कार्य करने वाला ठेकेदार धडल्ले से गुणवत्ता विहीन चकर टाइल्स सड़क निर्माण रिटर्निंग वाल पुलिया निर्माण कार्य करा दिए है

ऐसा एक मामला दुग्गी ग्राम पंचायत में सामने आया था कि चेकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन और घटिया कराया जा रहा है।

मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा रोजगार गारंटी योजना के निर्माण कार्यों में सिर्फ लक्ष्मी जी को प्रसन्न कर प्राप्त करने से मतलब है और उसके बिना कोई भी कार्य की सी सी जारी तभी होगी जब लक्ष्मी जी का चढ़ा चढ़ेगा और तो और जब मनरेगा का पैसा जैसे ही चढ़ा मनरेगा के कर्मचारियों का फोन वेंडरों के पास अपने अपने कमीशन के लिए आने लगता है?

### ग्रामीण यात्रिकी विभाग एवं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी का निर्माण कार्यो मे भ्रष्टाचार करने के लिए ठेकेदारों को पूरा संरक्षण प्राप्त है

ग्रामीण यात्रिकी विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत मे चल रहे निर्माण कार्यो के निरीक्षण और निर्माण कार्यों का इसटीमेट सथल निरीक्षण के पश्चात तैयार किये जाना होता है। सूत्रों की माने तो खडगवा ग्रामीण यात्रिकी विभाग में किसी भी निर्माण कार्य का इसटीमेट कार्यालय में बैठ कर जदा से जदा लागत का इसटीमेट तैयार किया जाता है जिसमें इन अनुविभागीय अधिकारी का अपना हिस्सा भी उस निर्माण कार्य के इसटीमेट मे शामिल रहता है। इनके सरक्षण मे ही जनपद क्षेत्र में धडल्ले से ठेकेदारी प्रथा से गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य मे भ्रष्टाचार चल रहा है? इस संबंध में जनपद पंचायत खड़गवां मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी से उनके मोबाइल नंबर 8463077737 पर संपर्क करने कई बार कोशिश की गई पर उनका फोन समाचार लिखे जाने तक स्वीच ऑफ बता रहा...।

# जनपद पंचायत प्रतापपुर के एक-एक सचिव को मिला है तीन-तीन ग्राम पंचायतों का प्रभार ... विकास कार्यों की उड़ रही धज्जियां

**- सोनू कश्यप -**
**प्रतापपुर,09 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

प्रतापपुर में अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत के सचिव की मिली भगत से मोटी रकम के इजाफा के साथ अपने पसंदीदा सचिव को सौंपते है प्रभार जनपद पंचायत प्रतापपुर में एक एक सचिव को सौंपा गया है तीन-तीन ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारिया जिससे ग्राम पंचायतों का विकास कार्यों पर पड़ रहा असर है ग्राम पंचायत सचिवों को अतिरिक्त प्रभार सौंपने के कारण सचिव लोगो का मोटी रकम कमाने का अड्डा और जरिया बन गया है!

और तो और कई कार्य ऐसे हैं जो कि बिना कार्य किए ही कई फर्जी बिल लगाकर सरकारी पैसों का किया जा रहा है बंदरबाट जो की जांच के नाम से अधिकारी खानापूर्ति कर जांच के नाम से कर देते हैं रफा-दफा और इससे प्रतापपुर क्षेत्र के आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों के कार्य बाधित हो रहे है और तो और ग्राम पंचायतों का कोई भी काम सही समय पर सुचारू रूप से पंचायत का क्रियान्वयन नहीं हो



पा रहा है और ज्यादा जिम्मेदारियां सौंपने के कारण सचिव अपने कार्यों के प्रति अपना पूर्ण समय नहीं दे पाते हैं। लोगों को थोड़ा सा काम के लिए सचिवों के पीछे पीछे कई दिनों तक भागना और भटकना पड़ रहा है जोकि काफी चिंता का विषय है जिससे विभिन्न ग्राम पंचायत के लोग काफी आक्रोशित है लोगों का कहना है कि।

शासन प्रशासन की नजर इसमें क्यू नहीं पड़ता है और तो और लोगों की कई बार सचिवों के साथ नोक झोंक भी हो जाती है कि लोगों का कहना रहता है की आप समय पर पंचायत भवनों में उपस्थित क्यों नहीं रहते आप क्यू नहीं आते

और तो और गांव के लोग नहीं जानते हैं कि किसको क्या जिम्मेदारी है दी गई है क्या नहीं उनको तो सिर्फ अपनी सहूलियत चाहिए उनका काम बनना चाहिए और जो जिम्मेदारियां दी गई है सचिवो को वो गलत है ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए एक सचिव को सिर्फ एक ग्राम पंचायत की जिम्मेदारियां सौंपनी चाहिए जिससे ग्राम पंचायत का कार्य तेजी से आगे बढ़े और विकास कार्यों में तीव्रता आए जिससे लोगों की परेशानियां दूर हो।

ग्रामीणों का कहना है कि कई प्रकार के कार्य ग्रामीण सचिवालय से पड़ता है जिसके कारण ग्रामीण परेशान होते हैं। और बार-बार अधिकारियों को शिकायत करने के बाद में भी इस तरह का रवैया बना होता है विकास कार्य की बात करें तो ग्राम पंचायत में सिर्फ कागजों में कार्य पूर्ण हुआ है या तो कई कार्य भ्रष्टाचार में ही समाप्त हो गए। और गुणवत्ता की बात करें तो यह अधिकारी इस विषय में जांच करने के नाम से खाना पूर्ति कर मोटी रकम का लेनदेन करते हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैला हुआ है और शासन प्रशासन के कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस विषय में जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मिरझा ने कहा कि इसकी जानकारी फाइल मंगा कर प्राप्त करता हूं तथा आचार संहिता बीतने के बाद व्यवस्थित की जाएगी एक-एक सचिव को दो-तीन जगह का प्रभार मिलना पूर्व सीईओ का समय का है मैं व्यवस्था हेतु सुधार करूंगा।

# निजी स्कूलों में फीस की मनमानी के खिलाफ की गई शिकायत

## जिला शिक्षा विभाग ने जारी की एडवाइजरी नई फीस तय कर लागू करने जिला शिक्षा अधिकारी से लेनी होगी अनुमति...




**- संवाददाता -**
**कोरबा,09 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

कोरबा पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर,मंजीत अस्थाना व अन्य पलकों के द्वारा की गई शिकायत पर विभाग ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें पहली से 12 वीं कक्षा तक के सभी निजी स्कूलों को कहा गया है कि वे मासिक शुल्क की जानकारी तत्काल प्रस्तुत करें। मासिक शुल्क निर्धारण की अनुमति के बगैर बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया न करे। साथ ही उन्हें फीस की जानकारी अपने विद्यालय के सूचना बोर्ड पर भी चस्पा करना होगा। नई फीस तय कर लागू करने जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति भी लेना होगी।

निर्देश में अवगत कराया गया है कि फीस विनियमन अधिनियम 2020 के तहत निजी स्कूलों के विद्यालय फीस समिति द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 का फीस निर्धारण कर प्रवेश की कार्यवाही किया जाना है। इस विषय पर विस्तृत दिशा निर्देश जारी करते हुए निजी स्कूलों से कहा गया है कि अपने विद्यालय फीस समिति के समक्ष तत्काल मासिक फीस निर्धारण करें। इसका विवरण भी अपने विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करें एवं बिना फीस निर्धारण किए प्रवेश की कार्यवाही नहीं किया जाए। कलेक्टर को अवगत कराते हुए संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, बिलासपुर के मार्गदर्शन पर निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने समस्त नोडल अधिकारियों को उनके अधिनस्त अशासकीय संस्थाओं को तत्काल फीस निर्धारण करने को कहा गया है। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी संस्था बिना फीस निर्धारण के प्रवेश की कार्यवाही न करे। इस निर्देश के संबंध में कोरबा पालक संघ को भी सूचित कर दिया गया है।

इस निर्देश के साथ जिला शिक्षा विभाग की ओर से एक प्रारूप भी जारी किया गया है जिसके अनुसार प्रत्येक कक्षा की पिछले सेशन की मासिक शुल्क क्या थी, यह बताना होगा। इसके साथ ही मौजूदा सत्र के लिए क्या फीस निर्धारित की जा रही है और पिछले साल से इस वर्ष की फीस वृद्धि में बढ़ोतरी के अंतर की राशि भी बताने को कहा गया है।

# बाल विवाह पर रोक लगाने महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम सक्रिय

» **112 एवं 1098 पर भी दी जा सकेगी बाल विवाह की सूचना**

**- संवाददाता -**
**कोरबा, 09 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

17 अप्रैल को रामनवमी तथा 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व आ रहा है। इस पर्व पर बाल विवाह की घटनाओं की समय पर रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप रोक लगाया जाना है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा के साथ ही साथ कानूनन अपराध है। 18 वर्ष के पूर्व लडकी तथा 21 वर्ष के पूर्व लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुतायत से जनजाति व विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डों, बिरहोर, पहाडी कोरवा आदि निवास करते है। शिक्षा के अभाव में बाल विवाह के दुष्परिणाम यथा कुपोषण, कम वजन के शिशु पैदा होने, महिलाओं में एनीमिया आदि की शिकार होने की संभावना होती है। बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु प्रत्येक ग्रामों में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति गठित है। जिसके सरपंच अध्यक्ष तथा ग्राम सचिव (सदस्य सचिव), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन व अन्य




गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि आदि सदस्य है। उक्त समिति के सदस्यों व गणमान्य नागरिकों द्वारा रामनवमी तथा अक्षय तृतीया या अन्य अवसरों पर होने वाले बाल विवाह को प्रभावी तरीके से समय पर रोकथाम व बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सकता है। साथ ही जिले में बाल विवाह कराये जाने की सूचना प्राप्त हो तो उसकी सूचना अविलंब पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी, 112 आपातकालीन नम्बर अथवा चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 पर सूचना दी जा सकती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, धार्मिक व वैवाहिक अनुष्ठान को संपन्न कराने वाले धार्मिक सेवा प्रदाता टेंट हाउस, डीजे बैंड बाजा, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों तथा जन प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि, बिना आयु प्रमाण पत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं प्रदान न करें। बाल विवाह पर प्रभावी रोक के लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सके और जिले में बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।

# तेज रफ्तार पेट्रोल-डीजल से भरी टैंकर वा मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत

## मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत





**- संवाददाता -**
**प्रतापपुर,09 अप्रैल 2024**
**(घटती-घटना)।**

प्रतापपुर (सूरजपुर)। मंगलवार की शाम प्रतापपुर थाना अंतर्गत प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग में स्थित चिटकाबहरा में पेट्रोलियम पदार्थ लेकर जा रहे एक टैंकर ने मोटरसाइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद टैंकर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलट जाने से उसमें लोड पेट्रोलियम पदार्थ भी बहकर सड़क पर फैल गया।

जानकारी के अनुसार टैंकर क्रमांक सीजी 07 सीजी 4583 रायपुर की ओर से पेट्रोलियम पदार्थ लेकर बलरामपुर जिले के ओदारी गांव में स्थित पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब वह प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर स्थित चिटकाबहरा पुल के पास पहुंचा तो उसके आगे-आगे जा रही एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीई 1989 को पीछे से जोरदार टक्कर मारते दी। टक्कर लगने के बाद मोटरसाइकिल सवार टैंकर के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह से कुचल गया जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही मोटरसाइकिल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर नष्ट हो गई। वहीं मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद टैंकर भी अनियंत्रित होकर पुल के पास पलट गया। टैंकर के पलट जाने से उसमें लोड पेट्रोलियम पदार्थ भी बहकर सड़क पर फैल गया।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर जिला -सरगुजा, (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. ब /121 /2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंजूअग्रवाल पत्नी कृष्ण कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक 37 महामाया वार्ड नगर अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला- सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम अंबिकापुर स्थित खसरा नंबर 2373/13 रकबा 0.003 हे0 भूमि एवं मकान को अनावेदक सुभाषचन्द अग्रवाल पिता ईश्वर चन्द अग्रवाल निवासी महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड 09 जवाहर नगर बनारस रोड अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला -सरगुजा छ0 ग0 के पास दान करने कि अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 15.05.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा -आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । समय -सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा ।

आज दिनांक 04 /04/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार, अंबिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202404020700031**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**सुन्दरपुर प.ह.न. 00026**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-शिबु दास,**
**अनावेदक पक्षकार-मिश्र दास**

**ईश्तहार**

आवेदक शिबु दास आ0 मिश्र दास, निवासी सुन्दरपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुन्दरपुर स्थित कुल खसरा नंबर 8 कुल रकबा 1.031 हे0 भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/05/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/04/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)/ सक्षम प्राधिकारी,सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र-.../अ-2/2023-24**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-दतिमा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जय भगवान अग्रवाल पिता रामबिलास अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी शिवनंदनपुर, तहसील पिल्खा, जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-दतिमा, प0ह0न018, रा0नि0मं0 व तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 1309/2, 1359/1 रकबा क्रमशः 0.200, 0.040 हे0 कुल रकबा 0.2400 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 23/04/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/2024 को न्यायालयीन एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) सूरजपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अंबिकापुर-2,जिला -सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क. /अ-6-अ /2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका धनेश्वरी पुत्री गिरधारी, जाति गोड़, निवासी ग्राम रैसरा, तहसील ओड़गी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम अजिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 548/2 रकबा 0.800 हे0 भूमि, पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 06/03/2012 को क्रय किया गया है। क्रय उपरांत उक्त भूमि का नामांतरण आवेदिका के नाम पर हो चुका था। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि में से क्रमशः 0.040,0.040 हे0 भूमि विक्रय कर दिया गया है। विक्रय उपरांत शेष भूमि आवेदिका के नाम पर अंकित होना चाहिए था, किन्तु त्रुटिवश शेष भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदिका के नाम पर दर्ज नहीं है। आवेदिका द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार करते हुए शेष भूमि को आवेदिका के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/05/2024 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-02

# ईस्ट बंगाल से भिड़ेगी पंजाब एफसी

### जीत के साथ सीजन खत्म करने की उम्मीद

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024।** पंजाब एफसी (पीएफसी) कल इंडियन सुपर लीग 2023-24 के अपने अंतिम मैच में ईस्ट बंगाल से भिड़ेगी और जीत के साथ सीजन का अंत करने की उम्मीद करेगी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाने वाला मैच अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण बंद दरवाजों के पीछे खेला जाएगा और शाम 7:30 बजे शुरू होने वाला है। पंजाब एफसी को आईएसएल में अपने पहले सीज़न में यथासंभव उच्च प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी, जबकि ईस्ट बंगाल को जीत के साथ अपने प्लेऑफ़ की संभावनाओं को जीवित रखने की उम्मीद होगी।

पंजाब एफसी अपने आखिरी मैच में मोहन बागान के खिलाफ एकमात्र गोल से हार गई थी, जबकि ईस्ट बंगाल, जो सीजन का अपना आखिरी मैच भी खेलेगा, ने रविवार को कोलकाता में बेंगलुरु एफसी को 2-1 से हराया। दिसंबर में कोलकाता में खेले गए रिवर्स मैच में दोनों टीमों ने गोल रहित ड्रॉ खेला था। खेल से पहले बोलते हुए, पीएफसी के मुख्य कोच स्टाइकोस वेरगेटिस ने कहा, मेरा मानना है कि हम उस स्थिति में रहने के लायक नहीं हैं, जिसमें हम वर्तमान में है हमारे पास उससे बेहतर सीजन था और हम जितना संभव हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। । ईस्ट बंगाल गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ियों के साथ एक बहुत अच्छी टीम है और हम उनके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें उम्मीद है कि हम बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे और सीज़न को शानदार तरीके से समाप्त करने के लिए सभी तीन अंक हासिल करेंगे।एएफसी एशियाई कप के बाद लीग फिर से शुरू होने के बाद से मदीह तलाल, लुका माजसेन और विल्मर जॉर्डन गिल की आक्रामक तिकड़ी ने क्लब की किस्मत बदल दी है। माडीह तलाल विशेष रूप से पूरे सीज़न में शानदार फॉर्म में रहे हैं और पांच गोल किए हैं और अन्य आठ में सहायता की है, जो लीग में सबसे अधिक है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने 51 मौके भी बनाए हैं, जो लीग में कुछ दूरी के हिसाब से सबसे ज्यादा है। लुका माजसेन और विल्मर जॉर्डन की स्ट्राइकिंग जोड़ी ने सात और छह गोल किए हैं। रिकी शाबोंग, अमरजीत सिंह कियाम और निखिल प्रभु द्वारा रक्षा और आक्रमण दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ मिडफ़ील्ड रक्षा और आक्रमण पंक्ति के बीच सेतु बनने में सफल रहा है। दिमित्रियोस चात्ज़िसाईस और सुरेश मैतेई ने प्रतिद्वंद्वी हमलों को नाकाम करते हुए केंद्र में एक मजबूत रक्षात्मक संयोजन बनाया है। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएफसी के मिडफील्डर मंगलेंथलांग किपगेन ने कहा, हम एक गुणवत्तापूर्ण ईस्ट बंगाल टीम के खिलाफ कोच की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए तैयार हैं। हम कल अच्छी फुटबॉल खेलने और पूरे तीन अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे।÷ आईएसएल में अपने पहले सीज़न के बारे में बोलते हुए, 18 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ÷आईएसएल में डेब्यू करना मेरे लिए एक शानदार अनुभव था। मेरा मानना है कि कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन में मैंने सुधार किया है और आगे भी बेहतर प्रदर्शन करता रहूंगा।÷ टीम आगे बढ़ रही है।÷ पंजाब एफसी वर्तमान में 21 मैचों में 21 अंकों के साथ तालिका में 11वें स्थान पर है जबकि ईस्ट बंगाल एफसी 21 मैचों में 24 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है।



## मयंक यादव हुआ चोटिल

### फैंस को लगा धक्का,एलएसजी के सीईओ बताया सच

**लखनऊ,09 अप्रैल 2024।** सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज और हर भारतीय क्रिकेट फैंस में फेमस मयंक यादव को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके चोटिल होने की बात कही जा रही थी। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें फिट भी बताया जा रहा था। कहा गया ता कि मयंक फिट हैं और अगले मैच में खेलेंगे, लेकिन वह खुद लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के सीईओ ने मयंक को लेकर अपडेट दिया है। टीम के सीईओ विनोद बिष्ट ने कहा कि मयंक को पेट के निचले हिस्से में दर्द महसूस हो रहा है। उनकी ये समस्या अधिक न बढ़े इसलिए हमने उन्हें 1 सप्ताह के लिए आराम कराया जाएगा। उनका कहना है कि मयंक का वर्क लोड कम किया जाएगा ताकि वह जल्दी फिर से फिट होकर मैदान पर लौट आए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मयंक यादव जल्द मैदान पर लौटेंगे।



# ऑस्ट्रेलिया इंडिया हॉकी मैच आज

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस सीरीज में भारत को पहले मैच में 1 -5 और दूसरे में 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा।

पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस सीरीज में भारत को पहले मैच में 1 -5 और दूसरे में 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा।इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाये। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति विरोधी खेमे में हमले नहीं बोल सकी। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा।मिडफील्ड में प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मिडफील्डरों ने काफी मौके बनाये हैं। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। शॉर्ट और तेज रफ्तार पास की बजाय भारतीयों ने डीप से लंबे पास का आदान प्रदान किया लेकिन आस्ट्रेलियाई डिफेंस को नहीं तोड़ सके। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।



## जोकोविच ने सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी का फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**मेलबर्न,09 अप्रैल 2024।** रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड नोवाक जोकोविच ने तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरूष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर जारी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक शीर्ष पर, एरिना सबालेंका दूसरे और कोको गॉ तीसरे स्थान पर हैं।



# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने कामिंदु मेंडिस और मैया बाउचर

**दुबई,09 अप्रैल 2024।** आईसीसी ने मार्च 2024 के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के कामिंदु मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। महिला वर्ग में इंग्लैंड की मैया बाउचर को ये पुरस्कार मिला है। मेंडिस ने प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का दावा करने के लिए टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया है। मेंडिस ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में 102 रन और दूसरी पारी में 164 रन बनाए थे।

उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मैट हेनरी और आयरलैंड क्रिकेट टीम के मार्क अडायर को इस दौर में पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया। मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ, कामिंदु मेंडिस ने कहा, मैं आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बेहद खुश हूं, जिसे मैं अपने अंतरराष्टीय करियर के लिए प्रेरणा मानता हूं। इस तरह की मान्यता हमें एक खिलाड़ी के रूप में टीम, देश और प्रशंसकों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है।

बाउचर ने न्यूजीलैंड में शानदार श्रृंखला की बदौलत मार्च 2024 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। बीते महीने बाउचर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 223 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 4-1 टी20 श्रृंखला जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई थी। बाउचर ने ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता।

मार्च के लिए आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ, बाउचर ने कहा, ÷सबसे पहले उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने मुझे वोट दिया। मैं बहुत खुश हूं। मैं उन सब की आभारी हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया है।÷



## यूएई में पांच साल के लिए बैन पाकिस्तानी बल्लेबाज पर पीसीबी मेहरबान

**इस्लामाबाद,09अप्रैल 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नक़वी ने पुष्टि की है कि यूएई के पूर्व बल्लेबाज उस्मान खान पांच साल के प्रतिबंध के बावजूद न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 घरेलू श्रृंखला के लिए चुने जाने की दौड़ में हैं। उस्मान खान पाकिस्तान के लिए सही खिलाड़ी हैं और वह राष्ट्रीय टीम के लिए खेलेंगे।उस्मान हाल ही में संपन्न 29 खिलाड़ियों के फिटनेस कैंप का हिस्सा थे, जिसका आयोजन पाकिस्तान आर्मी के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया था। पिछले हफ्ते, 28 वर्षीय को अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने दायित्वों का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने के बाद पांच साल के लिए बैन कर दिया था।स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, उस्मान को राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने का श्रेय मुख्य रूप से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल 9) के नौवें संस्करण में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को दिया जा सकता है। मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करते हुए खान ने कई पुरस्कार जीते। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम की घोषणा 9 अप्रैल को की जाएगी। सीरीज 18 अप्रैल से शुरू होगी।



## आईपीएल टीम मालिकों के साथ बीसीसीआई की 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होनी वाली बैठक रद्द

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2024।** आईपीएल की 10 टीमों के मालिकों के साथ 16 अप्रैल को बीसीसीआई की होने वाली मीटिंग रद्द हो गई है। दअरसल, समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार बोर्ड और आईपीएल की सभी टीमों के मालिकों के बीच ये बैठक अहमदाबाद में होनी थी।

पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार ये भी कहा गया था कि ये बैठक आईपीएल के अगले सीजन यानी आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन की चर्चा के लिए बुलाई गई है। बीसीसीआईकी रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों के बीच ये बैठक नहीं होने वाली है। पहले ये बताया गया था सभी टीमों के मालिकों को आईपीएल सीईओ हेमांग अमीन ने निमंत्रण भेजा था।लेकिन टीओआई ने ये पुष्टि कर दी है कि फ्रेंचाइजी मालिकों को किसी तरह का निमंत्रण नहीं मिला है। रिपोर्ट के अनुसार एक सूत्र ने बताया कि, फ्रेंचाइजियों को अब तक कुछ भी सूचित नहीं किया गया है। इसलिए ये कहना मुश्किल है कि बैठक होगी।हालांकि, बैठक में बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल समेत अन्य बोर्ड अधिकारियों को शामिल होना था। जिसमें आईपीएल की पॉलिसी को लेकर चर्चा की जानी थी। खासतौर से प्येर रिटेंशन, नीलामी प्रक्रिया और सैलरी कैप चर्चा का विषय होने थे।



## अजहर महमूद बने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच

**इस्लामाबाद,09अप्रैल 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच का ऐलान किया है। पीसीबी ने पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू सीरीज के लिए अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालिन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। उधर गैरी फिलहाल आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। पाकिस्तानी पूर्व तेज गेंदबाज महमूद के सहयोगी के रूप में मोहम्मद यूसुफ और सईद अजमल भी शामिल होंगे, जो मेन इन ग्रीन के नए बल्लेबाजी और स्पिनर गेंदबाजी कोच होंगे। पीसीबी जल्द ही पाकिस्तान में होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा भी करने जा रहा है।



## अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल का धमाकेदार टीजर रिलीज, साड़ी, झुमके और घुंघरू पहने पुष्पा राज का दिखा फायरी अंदाज

साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन आज अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं. इस मौके पर एक्टर की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 : द रूल' के मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। टीजर काफी धमाकेदार है और इसमें अल्लू एक बार फिर पुष्पा राज बनकर दर्शकों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि पुष्पा 2 : द रूल' के टीजर में पुष्पा राज का इस बार फायरी अंदाज रौंगटे खड़े कर देने वाला है। पुष्पा 2 : द रूल' के टीजर में अल्लू अर्जुन का लुक होश उड़ा देने वाला है. उनका ये अवतार आज तक नहीं देखा होगा।

टीजर में अल्लू साड़ी पहने और पूरे मेकअप के साथ नजर आ रहे हैं। सिर से पांव तक एक्टर का लुक काफी पावफुल है। 8 सेकंड के टीजर में एक्टर एक्शन करते हुए भी नजर आ रहे हैं।

ओवरऑल पुष्पा 2 : द रूल' के टीजर ने फिल्म के लिए एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। अल्लू अर्जुन ने एक्स पर टीजऱ शेयर करते हुए लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए मैं आप सभी को थैंक्यू देता हूं! मेरा दिल ग्रेटिट्यूड से भरा है। प्लीज इस टीजऱ को धन्यवाद कहने के मेरे तरीके के रूप में लें!साल की अच अवेटेड फिल्म पुष्पा 2: द रूल की दूसरी झलक आज आइकन स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर जारी की गई। टीजऱ ने रिलीज़ होते ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। टीजर में एक्टर का लुक काफी जबरदस्त है और टीजर देखने के बाद फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित, पुष्पा 2: द रूल' में रश्मिका मंदाना, फहद फासिल, जगदीश प्रताप बंडारी और सुनील ने अहम रोल प्ले किया है। ये सभी सितारे फिल्म के पहले पार्ट में भी दमदार भूमिकाओं में नजर आए थे । पुष्पा 2 को और भी रोमांचक बनाने वाली बात यह है कि अर्जुन ने पहली फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था। पुष्पा 2: द रूल' की रिलीज का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का हर अपडेट जानने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं। ऐसे में बता दें कि ये फिल्म इस साल स्वतंत्रता दिवस पर यानी 15 अगस्त 2024 को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।



## तारा सुतारिया ने ब्लू साडी में शेयर की खूबसूरत तस्वीर

### एक्ट्रेस की हॉटनेस के दीवाने हुए फैंस


बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार तारा सुतारिया आज अपनी अदाकारी के बल पर लाखों दीवानों का दिल चुरा चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं। तस्वीर में तारा सुतारिया नीली साड़ी और डीप नेक ब्लाउज में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने लुक को लाइट मेकअप और ओपन हेयर से पूरा किया है। तारा सुतारिया इस तस्वीर में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं और उनकी खूबसूरती देखने लायक है। केवल अपनी अदाकारी के दम पर ही नहीं तारा सुतारिया तो अपने हुस्न का परचम लहराते हुए सबकी निगाहें अपनी ओर खींच लेती हैं।चाहने वाले लगातार तारा सुतारिया की तस्वीर पर लाइक और कमेंट की बरसात करते हुए उन्हें फैशनोवा क्वीन का टैग दे रहे हैं।तारा सुतारिया की इस तस्वीर पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कुछ ही देर में इस तस्वीर पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ गए हैं।



## सलमान खान,शाहरुख खान,ऋतिक रोशन के बाद अनिल कपूर की जासूसी यूनिवर्स में एंट्री

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर उन चुनिंदा अभिनेताओं में से एक हैं जो बैक-टू-बैक हिट फिल्में लेकर आए हैं। उन्हें आखिरी बार रणबीर कपूर की एनिमल और ऋतिक रोशन की फाइटर में देखा गया था। दोनों ही फिल्में वर्ल्ड बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही हैं। और अब दिग्गज अभिनेता यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अनिल कपूर ने इस यूनिवर्स में रॉ चीफ की अहम भूमिका निभाने के लिए मेकर्स के साथ डील की है।मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अनिल कपूर वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने उनके साथ लंबी अवधि की डील साइन की है। वह गिरीश कर्नाड की जगह सबसे प्रसिद्ध जासूसी जगत में रॉ प्रमुख की भूमिका निभाएंगे। अभिनेता वाईआरएफ यूनिवर्स की कई आगामी फिल्मों का हिस्सा हो सकते हैं।रिपोर्ट्स में कहा गया है कि वह पहली बार आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की शिव रवैल के निर्देशन में बन रही फिल्म में नजर आएंगे। इसके साथ ही वह वॉर 2 में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। यशराज फिल्म्स ने अनिल कपूर के साथ बड़ी डील साइन की है। ऐसे में उन्हें स्पाई यूनिवर्स की सभी फिल्मों में देखा जा सकता है। इसके साथ ही मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अनिल कपूर को एक मल्टी फिल्म साइन करने के लिए भारी भरकम फीस दी गई है। इस खबर के सामने आने के बाद उनके फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। दर्शक जल्द से जल्द अभिनेता को वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म में देखना चाहते हैं।

दूसरी ओर, यशराज फिल्म्स के पास आने वाले वर्षों के लिए बड़ी योजनाएं हैं। सबसे पहले, उन्होंने शाहरुख खान और ऋतिक रोशन के साथ पठान 2 और वॉर 2 की योजना बनाई है। इसके बाद शाहरुख और सलमान टाइगर वर्सेज पठान में भिड़ते नजर आएंगे। इसके अलावा, आलिया भट्ट की एक्शन-थ्रिलर भी प्री-प्रोडक्शन चरण में है।



# मोदी को डिफाल्टर कहकर फंसे महंत

## कांग्रेस बोली- जो अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर पाए वह डिफाल्टर, बीजेपी का सवाल तो क्या सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी कहेंगे डिफाल्टर



**रायपुर,09 अप्रैल 2024 (ए)।** राजनीति के मैदान में शब्दों की मार्यादा भंग होना अब आम बात हो गई है। छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे के नेताओं को डिफाले टर साबित करने में जुट गए हैं। प्रदेश की राजनीति में आज पूरे दिन डिफाल्टर शब्द गरमाया रहा। प्रदेश की राजनीति में डिफाल्टर शब्दी की इंट्री नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के बयान से हुई। मीडिया से चर्चा के दौरान डॉ. महंत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए डिफाले टर शबे द का उपयोग किया। डॉ. महंत के इस बयान के वायरल होने के साथ ही इस पर सियासत तेज हो गई।

### महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी हैः शिवरतन शर्मा

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का मानसिक संतुलन ठीक होने का नाम नहीं ले रहा है। पीएम मोदी के सिर फोड़ने वाले बयान के बाद फिर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी को डिफाल्टर कह कर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी है। इसकी शिकायत के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर उन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग की हिदायत के बाद भी महंत और कांग्रेस पार्टी के नेता आए दिन पीएम मोदी को सिर फोड़ने, गाली देने सहित उनके व्यक्तिव को लेकर अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल कर रहे है। इसके लिए चरण दास महंत जी आप कब माफ़ी मांगेंगे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने चरणदास महंत से सवाल पूछते हुए कहा कि 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जो वादे किए थे उसे पूरा नहीं किया तो क्या उसके लिए भूपेश बघेल को डिफाल्टर कहेंगे? क्या वादे पुरे नहीं करने के लिए चरणदास महंत सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को डिफाल्टर कहेंगे? क्या झूठे वादे करके सत्ता पाने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चरणदास महंत डिफाल्टर कहेंगे? उन्होंने कहा कि हाथ में मैया गंगा की सौगंध खाने वाली कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। इसके साथ ही बेसहारा महिलाओं को 500 रुपए पेंशन वादा भी पूरा नहीं किया। जनता भी समझ चुकी है कि कांग्रेस झूठे जनघोषणा पत्र से पहले वोट लेती है फिर सत्ता में आने के बाद लूट खखोट और भ्रष्टाचार में जुट जाती है। प्रदेशवासियों के साथ धोखा देने वाली कांग्रेस पार्टी बहुत बड़ी धोखेबाज और डिफाल्टर है।

### प्रधानमंत्री छुई-मुई नहीं होता जो आलोचना से मुरझा जाएः शुक्ला

भारतीय जनता पार्टी मोदी की 10 साल की विफलताओं तथा जनहित के मुद्दों से ध्यान हटाने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बयान को गलत ढंग से प्रस्तुत कर रही। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष महंत ने जिन मुद्दों को उठाया भाजपा उसकी चर्चा करने से भाग रही है। प्रधानमंत्री छुई-मुई नहीं है कि उनके बारे में बात करने, उनसे सवाल करने पर उनको नुकसान हो जायेगा। भाजपा सस्ता प्रचार पाने के लिये नौटंकी करना बंद करें। जो अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर पाये उसे डिफाल्टर कहा जाता है। जो व्यक्ति अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाता उसे भी डिफाल्टर कहा जाता है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी मोदी की इसी असफलता के संबंध में उन्हें डिफाल्टर कहा है यह कोई असंसदीय शब्द नहीं है। मोदी की विफलताओं से ध्यान भटकाने भाजपा इसको मुद्दा बना रही।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी के दौरे के बाद छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है गृहमंत्री अमित शाह



**रायपुर,09 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। नेताओं का दौरा भी लगातार जारी है। इसी के तहत पीएम मोदी के दौरे के बाद गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे की खबर सामने आ रही हैं।बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री शाह 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे और अपने दौरे के दौरान चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### पीएचक्यू की सुरक्षा में तैनात जवान ने की अंधाधुंध फायरिंग




**रायपुर,09 अप्रैल 2024(ए)।** नवा रायपुर के मंत्रालय और पीएचक्यू सुरक्षा में लगे पुलिस जवान के अंधाधुंध गोली चलाए जाने की घटना सामने आई है, हालांकि, गोली चलाने जाने से कोई हताहत नहीं हुआ है। मामला राखी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, मंत्रालय और पीएचक्यू की सुरक्षा में तैनात 14वीं बटालियन में पदस्थ आरक्षक राकेश यादव ने सुबह 6-7 बजे करीब 12 राउंड फायर किए। गोली चलाए जाने का कारणों का अब तक पता नहीं चला है। एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि नवा रायपुर पीएचक्यू की सुरक्षा में तैनात जवान से गोली चली है। किन कारणों से फायर हुआ है, दुर्घटनावश गोली चली या कोई और कारण है, इन सब तमाम पहलुओं की जाँच की जा रही है।




### छत्तीसगढ़ के 13 आईएएस अफसरों को भारत निर्वाचन आयोग ने बनाया आब्जर्बर

**रायपुर,09 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के 13 आईएएस अफसर देश के अलग-अलग हिस्सों में चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के 13आईएएस अफसरों को आब्जर्बर बनाया है।चुनाव आयोग ने इसे लेकर संबंधित अफसरों को पत्र जारी कर दिया है। सभी अफसरों के लिए सिंगल-सिंगल आर्डर जारी किये गये हैं।जिन आईएएस अफसरों को पर्यवेक्षक बनाया गया है, उनमें सचिव स्तर के अधिकारी मुकेश बंसल, अविनाश चंपावत टोपेश्वर वर्मा के अलावे तारण प्रकाश सिन्हा,प्रियंका शुक्ला,दीपक सोनी,सारांश मित्तर,कुलदीप शर्मा, राजेंद्र कटारा,सर्वेश भूरे,केडी कुंजाम,इफ्फत आरा, एनएन एक्का के नाम शामिल हैं।

# 10 वीं-12 वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई महीने में होंगे जारी

### 14 अप्रैल तक मूल्यांकन का काम हो जाएगा पूरा

**रायपुर,09 अप्रैल 2024(ए)।** इस साल 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए यह खबर काम की है। दरअसल माध्यमिक शिक्षा मंडल 10 मई तक 10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे जारी कर सकती है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के चेयरमैन रेणु पिल्लै वीडियो कॉन्फ्रेंस कर केन्द्राध्यक्षों को 14 अप्रैल तक मूल्यांकन का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।




इस बार 10 वीं में 3 लाख 42 हजार 511 छात्र और 12 वीं में 2 लाख 54 हजार 906 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। रेणु पिल्लै मूल्यांकन को लेकर केन्द्राध्यक्षों से चर्चा कर रही हैं। उन्होंने सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि 14 अप्रैल तक मूल्यांकन को खत्म किया जाए, ताकि जल्द से जल्द रिजल्ट जारी किया जा सके। 10वीं और 12वीं के लिए अब उम्मीद जताई जा रही है कि हर हाल में 10 मई के पहले दसवीं और बारहवीं के नतीजे घोषित किए जाएंगे। तक लगभग 85 से 90 फीसदी मूल्यांकन का काम पूरा हो चुका है। मूल्यांकन पूरा होते ही रिजल्ट जारी करने की तैयारियां पूरी की जाएंगी।

# एक ही गली में वोट मांगते दिखे भूपेश बघेल और संतोष पांडेय



**राजनांदगांव,09 अप्रैल 2024 (ए)।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों कांग्रेस और बीजेपी दोनों पार्टियां लगातार चुनाव कर रही है। इस बीच एक वीडियो एक्स में वायरल हो रहा है। जिसमें एक ही गली में वोट मांगते भूपेश बघेल और संतोष पांडेय नजर आ रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारकों के छत्तीसगढ़ आने का दौर शुरू हो गया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। 13 अप्रैल को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बस्तर और राजनांदगांव लोकसभा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वही 14 अप्रैल को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बस्तर के छोटे आमाबाल में सभा के बाद 13 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह बस्तर लोकसभा के दंतेवाड़ा में आमसभा कर पार्टी के लिए वोट मांगेंगे। दंतेवाड़ा से के बाद राजनाथसिंह राजनांदगांव लोकसभा सीट में प्रचार के लिए खैरागढ़ में आमसभा को संबोधित करेंगे।

# 41 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

**रायपुर,09 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में भरे गए नामांकन के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन दूसरे चरण के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया हैं और 6 अभ्यर्थियों के 11 नामांकन छंटनी में अस्वीकार किए गए हैं। नाम वापसी के बाद कुल 41 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं. इसमें 38 पुरूष और 3 महिला उम्मीदवार शामिल हैं. इसकी जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी शैलाभ साहू ने दी है। आचार संहिता के दौरान प्रदेशभर में




अब तक 40,77,00,000, जब्त की गई है. इसमें से 10 करोड़ 50 लाख रुपये नगद, 77 लाख रुपये की शराब, चार करोड़ 77 लाख रुपये के ड्रग्स नार्कोटिक्स, 2 करोड़ 9 लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण और 22 करोड़ के अन्य उत्पाद सामग्री जब्त किया गया है। दूसरे चरण के लिए राजनांदगांव में 15, महासमुंद में 17 और कांकेर में 9 उम्मीदवारों को निर्वाचन के लिए योग्य घोषित किया गया है. उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को चुनाव होंगे और मतगणना 4 जून को होगी।



## मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने बढ़ाई सुविधा

### गाड़ियों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार

**रायपुर,09 अप्रैल 2024(ए)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में चैत्र नवरात्रि पर्व (दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2024 तक) मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है। गाड़ियों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार के साथ ही साथ कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2024 तक अस्थायी ठहराव दिया जा रहा हैं, जो इस प्रकार है।

# शराब भट्टी से लाखों रुपए की लूट, सीसीटीवी फुटेज आया सामने



**बलौदाबाजार,09 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में मंगलवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने एक शराब दुकान से 20 लाख रुपए लूट लिए। वारदात दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मामला कसडोल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कटगी स्थित शराब दुकान पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाश बंदूक लेकर पहुंचे थे। रकम लूटने के बाद भाग निकले। बताया जा रहा है कि शराब मैनेजर अलग-अलग दुकानों से कलेक्शन कर रकम लेकर पहुंचा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान बदमाश पहुंचे और रुपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। इस दौरान मैनेजर ने बैग नहीं दिया तो बदमाशों ने बंदूक निकाली और छीनकर भाग निकले। टीआई ने बताया की सोमवार को कोरबा में भी शराब दुकान में पैसे की लूट हुई। कोरबा और कटगी दोनों जगह घटना को अंजाम देने वाले एक ही गिरोह के लगते हैं जो अलग-अलग जगह जाकर लूट कर रहे हैं । लुटेरे जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे। पूछताछ में जानकारी सामने आई है कि शराब दुकान में रोज लाखों रुपए का लेन-देन होता है। मगर अधिकारी कर्मचारी इन पैसों को लाने ले जाने के लिए कोई सुरक्षाकर्मी भी नहीं रखते, जिससे जोखिम बना रहता है।

## कर्मचारियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी

# दर्दनाक हादसे में 6 लोगों की मौत



**दुर्ग,09 अप्रैल 2024 (ए)।** दुर्ग से हादसे की बड़ी खबर सामने आई। यहां केडिया के कर्मचारियों से भरी बस 50 फ़ीट गहरी खाई में जा गिरी है। इस हादसे में 6 लोगों की मौत की खबर है, जबकि 14 लोग घायल हैं। इनमें 5 की हालत गंभीर है, मृतकों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं. मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम द्वारा बचाव कार्य जारी है।

जानकारी के अनुसार, यह पूरा घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। 50 से अधिक यात्रियों से भरी बस केडिया दिसलरी से रायपुर कुम्हारी रोड की ओर जा रही थी,तभी अनियंत्रित होकर 50 फ़ीट गहरे खाई में जा गिरी, इस दर्दनाक हादसे में 6 लोगों की मौत की खबर है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर बचाव कार्य कर रही है, दो क्रेन को राहत कार्य में लगाया गया है. वहीं प्रशासन द्वारा मौत की पुष्टि नहीं की गई है।

# देवी मंदिर में तोड़फोड़, टूटी हुई मिली मूर्तियां

**बिलासपुर,09 अप्रैल 2024(ए)।** पूरे देश में आज से आस्था और शक्ति का पर्व यानि नवरात्रि की शुरुआत हो गई है। लेकिन नवरात्रि के पहले ही दिन बिलासपुर से असामजिक तत्वों की शर्मनाक हरकत सामने आई है। दरअसल यहां एक मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने मंदिर में देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ दिया है। मामला सामने आने के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल सूचना मिलने से मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मामला सीपत थाना क्षेत्र का है, जहां के सेलर पंचायत में नवरात्रि के पहले ही दिन हिंदू धर्म के देवी देवताओं की मूर्ति टूटी हुई मिली। जैसे ही इसकी सूचना आसपास के लोगों को लगी भारी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई। बताया गया कि एक ही मंदिर नहीं बल्कि गांव के कई मंदिरों में मूर्तियां टूटी हुई मिली। भगवान शिव के शिवलिंग को भी खंडित किया। सूचना मिलते ही सीपत थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मूर्तियों को तोड़ने को लेकर हिंदू धर्म के लोग काफी आक्रोशित है।



# साल में सिर्फ 5 घंटे के लिए खुलता है यहां माता का दरबार

### बिना तेल के नौ दिनों तक जलती हैं ज्योति

**गरियाबंद,09 अप्रैल 2024(ए)।** भारत में ऐसे कई मंदिर हैं जो अपने आप में कई रहस्य समेटे हुए हैं। इन रहस्यों के कारण ही ये मंदिर दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। ऐसे ही एक छत्तीसगढ़ में अनेकों प्राचीन मंदिर हैं के बारे में हम आपको बताने जा रहे है। जो लोगों के आस्था का केंद्र बना हुआ हैं। चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो चुकी हैं। माता को देखने उनसे बात करने को लोग माता दुर्गा के प्राचीन मंदिर पहुँचते हैं। इसी कड़ी में बता दें कि छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर निरई माता का मंदिर स्थित है।

आमतौर पर मंदिरों में जहां दिन भर देवी-देवताओं की पूजा होती है, तो वहीं निरई माता का मंदिर साल में एक बार चैत्र नवरात्र के प्रथम रविवार को सिर्फ 5 घंटे के लिए यानी सुबह 4 बजे से 9 बजे तक माता के दर्शन किए जा सकते हैं। बाकी दिनों में यहां आना प्रतिबंधित होता है।



### दूसरे राज्य से भी मातारानी के दर्शन को आते हैं श्रद्धालु

इस दिन यहां भक्तों का मेला लगता है। श्रद्धालु दूर-दूर से छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्य से भी मातारानी के दर्शन को आते हैं। साथ ही यहां महिलाओं के लिए भी कई खास नियम बनाए गए हैं।

### अपने आप ही ज्योति होती है प्रज्जवलित

कहते हैं कि निरई माता मंदिर में हर साल चैत्र नवरात्र के दौरान अपने आप ही ज्योति प्रज्जवलित होती है। यह चमत्कार कैसे होता है, यह आज तक पहेली ही बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह निरई देवी का ही चमत्कार है कि बिना तेल के ज्योति नौ दिनों तक जलती रहती है।

### महिलाओं को निरई माता मंदिर में प्रवेश की इजाजत नहीं

निरई माता मंदिर में महिलाओं को प्रवेश और पूजा-पाठ की इजाजत नहीं है। यहां सिर्फ पुरुष ही पूजा-पाठ की रीतियों को निभाते हैं। महिलाओं के लिए इस मंदिर का प्रसाद खाना भी वर्जित है। कहते हैं कि महिलाएं अगर मंदिर का प्रसाद खा लें तो उनके साथ कुछ न कुछ अनहोनी हो जाती है।

ग्रामीण बताते है कि लोग माता के दर्शन को लालायित रहते हैं। भक्त निरई माता की जयकारे के साथ ऊंची पहाड़ी पर चढ़ते हैं। निरई माता निराकार हैं। जिसका कोई आकार नहीं, निरंक है। निरई माता के मंदिर में सिंदूर, सुहाग, श्रृंगार, कुमकुम, गुलाल, बंदन नहीं चढ़ाया जाता है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)